CMYK



परफेक्ट बॉडी के लिए डेली करिए रकिंग 4

Website:- www.Janmarg.com

TITLE CODE:- T/RJ/2024/211

e-mail :morningjanmarg@gmail.com

निष्पक्ष एवं निर्भीक दैनिक

# जनमार्ग

लोकतंत्र व निष्पक्षता का मार्ग प्रातःकालीन समाचार पत्र

श्रीगंगानगर, शुक्रवार, 07.02.2025 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 2 रुपये ● वर्ष : 1 ● अंक : 284 ● मो. 93526-86083, 77421-86692, 0154-2970692

## भारत ने इंग्लैंड को चार विकेट से पहला वनडे हराया

जनमार्ग न्यूज



**नागपुर।** भारत ने इंग्लैंड को पहला वनडे 4 विकेट से हरा दिया है। नागपुर के स्टेडियम में इंग्लैंड ने बैटिंग चुनी, टीम 47.5 ओवर में 248 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। भारत ने 38.4 ओवर में 6 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। दूसरा वनडे 9 फरवरी को कटक के बाराबाती स्टेडियम में खेला जाएगा। भारत से शुभमन गिल ने 87, श्रेयस अय्यर ने 59 और अक्षर पटेल ने 52 रन बनाए। रवींद्र जडेजा और हर्षित राणा को 3-3 विकेट मिले। इंग्लैंड से जोस बटलर ने 52 और जैकब बेथेल ने 51 रन बनाए। आदिल रशीद और साकिब महमूद को 2-2 विकेट मिले। 39वें ओवर की चौथी गेंद पर रवींद्र जडेजा ने साकिब महमूद के खिलाफ चौका लगाया। मैच में इंग्लैंड ने भारत से टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। कप्तान जोस बटलर (52 रन, 67 गेंद) और जैकब बेथेल (51 रन, 64 गेंद) के अर्द्धशतकों से मेहमान टीम 47.4 ओवर में 248 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। वहीं, जवाब में भारत ने 38.4 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 251 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

# कांग्रेस ने सत्ता सुख के लिए लोकतंत्र को कुचला : मोदी

» पीएम ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर राज्यसभा में दिया जवाब » राज्यसभा में पीएम ने दी 92 मिनट की स्पीच

जनमार्ग न्यूज

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब दिया। उनकी 92 मिनट की स्पीच सरकार के सबका साथ-सबका विकास पर फोकस रही। इसके जरिए कांग्रेस पर निशाना साधा। पीएम ने अपने भाषण में बाबा साहेब अंबेडकर, आरक्षण, यूसीसी, आदिवासी, दिव्यांग, ट्रांसजेंडर, नारीशक्ति और इमरजेंसी का जिक्र किया। कांग्रेस और विपक्ष को घेरने के लिए कविताएं पढ़ीं। भाषण के बीच में कहा, माननीय खड़गे जी आपके सामने शेर सुनाते रहते हैं और सभापति जी, आप भी बड़ा मजा लेते रहते हैं। पीएम ने कहा कि 1970 में जब चारों ओर कांग्रेस ही कांग्रेस का राज चलता था तब फिर गोपाल दास नीरज की एक और कविता फिर दीप जलेगा प्रकाशित हुई थी जिसमें



उन्होंने कहा था कि मेरे देश उदास न हो, फिर दीप जलेगा, तिमिर ढलेगा। इसके बाद पीएम ने पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की कविता का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आज से 40 साल पहले अटलजी ने कहा था कि सूरज निकलेगा, अंधेरा छटेगा, कमल खिलेगा। परिवारवाद पर पीएम ने कहा कि इतना बड़ा दल एक परिवार के लिए समर्पित हो गया है। कांग्रेस के मॉडल में फैमिली फर्स्ट सर्वोपरि रहा है। देश की जनता ने हमें तीसरी बार लगातार सेवा का मौका दिया। ये बताता है कि देश की जनता ने हमारे विकास के मॉडल को परखा है, समझा है और समर्थन दिया है। हमारा मॉडल नेशन फर्स्ट है। इसी भावना के साथ हम देश की नीतियों पर काम करते हैं। इमरजेंसी पर पीएम बोले कि देश ने इमरजेंसी का दौर भी देखा है। संविधान को किस प्रकार से कुचला गया। संविधान की स्प्रिट को रौंदा गया। ये सब सत्ता सुख के लिए किया गया।

## तिरुपति मंदिर से 1 हजार कर्मचारियों को हटाने की मांग

जनमार्ग न्यूज

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश भाजपा ने गुरुवार को आंध्र प्रदेश के तिरुमला तिरुपति देवस्थानम से 1 हजार गैर-हिंदू कर्मचारियों को हटाने की मांग की। आंध्र प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता और ञ्ञ्रष्ठ के सदस्य भानु प्रकाश रेड्डी ने कहा- बोर्ड के प्रतिनिधि 14 फरवरी को मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू से मिलेंगे और गैर-हिंदुओं को मंदिरों की सेवाओं से हटाने का निवेदन करेंगे। दूसरी तरफ वाईएसआरसीपी चीफ और पूर्व मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी ने इस मुद्दे पर बयान देने से मना कर दिया। उन्होंने कहा कि मुझे इसके बारे में डिटेल से पता नहीं है। इससे पहले टीटीडी ने बुधवार को मंदिर के 18 कर्मचारियों को हटाने की जानकारी दी थी।

## विस में बीजेपी विधायक ने अपनी ही सरकार को घेरा

● मेरा सवाल ही बदल दिया: कालीचरण सराफ

● एसीबी मामलों में मंजूरी पर उठाए सवाल

जनमार्ग न्यूज



**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन भाजपा विधायक कालीचरण सराफ ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के मामलों में केस चलाने की मंजूरी को लेकर अपनी ही सरकार पर सवाल खड़े कर दिए। सराफ ने आरोप लगाया कि सरकार उनके सवालों के सीधे जवाब देने के बजाय उन्हें बदल रही है। विधानसभा में कालीचरण सराफ ने कहा- मैंने पूछा क्या था और जवाब क्या दिया गया, मेरा सवाल ही बदल दिया। इस पर मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने सफाई देते हुए कहा कि सरकार ने सवाल का स्पष्ट और सटीक जवाब दिया है। उन्होंने बताया कि 1 जनवरी 2021 से 2022 तक, ष्टक्च में 1592 केस दर्ज हुए, जिनमें से 1189 मामलों में केस चलाने की मंजूरी दे दी गई, जबकि 403 मामले अभी भी लंबित हैं। विधानसभा के चौथे दिन विधायक कालीचरण सराफ ने पूरक सवाल में कहा कि सतर्कता आयुक्त के नियमों के अनुसार, एसीबी के मामलों में तीन महीने के भीतर केस चलाने की मंजूरी दी जानी चाहिए। फिर भी, भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि अफसर आपस में मिल जाते हैं, जिससे भ्रष्टाचार के मामलों पर कार्रवाई नहीं हो पाती। भ्रष्टाचार के मुद्दे पर कड़ा रुख अपनाते हुए विधायक सराफ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नारा है- 'ना खाऊंगा, ना खाने दूंगा'। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि यदि भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जा रही है, तो फिर इतने केस पेंडिंग क्यों हैं? सराफ ने एसीबी के लंबित मामलों की समीक्षा के लिए एक कैबिनेट सब-कमेटी बनाने का सुझाव दिया ताकि भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके।

## अमेरिका से भारतीयों की बेदखली पहली बार नहीं : जयशंकर

जनमार्ग न्यूज

**नई दिल्ली।** अमेरिका से अवैध भारतीय अप्रवासियों की वापसी के मुद्दे पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को संसद में जवाब दिया। जयशंकर ने राज्यसभा में कहा, यदि कोई नागरिक विदेश में अवैध रूप से रह रहा है तो उसे वापस (स्वदेश) बुलाना सभी देशों का दायित्व है। विदेश मंत्री ने बताया, अमेरिका से भारतीयों का डिपोर्टेशन पहली बार नहीं हुआ है। यह 2009 से हो रहा है। पिछले 16 सालों में अमेरिका से 15,652 भारतीयों को वापस भेजा गया है। सबसे ज्यादा 2019 में 2042 लोगों को भारत डिपोर्ट किया गया। हम कभी भी अवैध मूवमेंट के पक्ष में नहीं हैं। इससे किसी भी देश की सुरक्षा में खतरा पैदा हो सकता है। अमेरिका ने 104 अवैध भारतीय अप्रवासियों को एक दिन पहले 5 फरवरी को भारत भेजा है। इन्हें यूएस मिलिट्री के सी-17 प्लेन से पंजाब के अमृतसर भेजा गया। इन लोगों के पैर में चेन बांधी गई थी, जबकि हाथ भी बेड़ियों में जकड़े हुए थे।

## शिवपुरी में एयरफोर्स का फाइटर प्लेन क्रैश



जनमार्ग न्यूज

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले में बहरेटा सानी गांव के पास एयरफोर्स का टू सीटर फाइटर प्लेन मिराज-2000 क्रैश हो गया। हादसा गुरुवार दोपहर करीब 2.40 बजे हुआ। प्लेन में दो पायलट थे। हादसे से पहले दोनों पायलटों ने खुद को इजेक्ट (बचकर निकले) कर लिया था। दोनों ही सुरक्षित हैं। घटना की जानकारी मिलते ही एयरफोर्स की टीम हेलिकॉप्टर से मौके पर पहुंची। विमान में पायलट विक्रांत जाधव और विंग कमांडर विराज भोला सवार थे। एयरफोर्स की टीम दोनों को लेकर ग्वालियर रवाना हो गई। बताया जा रहा है कि तीन विमानों ने ग्वालियर से नियमित प्रशिक्षण उड़ान भरी थी। इनमें से दो प्लेन सुरक्षित लौट गए। एयरफोर्स ने हादसे की शुरुआती वजह सिस्टम में खराबी बताते हुए जांच के आदेश दिए हैं।

## भीषण सड़क हादसे में 8 दोस्तों की मौत

● टायर फटने से बेकाबू बस ने कार को मारी टक्कर

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** जयपुर के दूदू में टायर फटने से बेकाबू हुई रोडवेज बस ने कार को टक्कर मार दी। इस भीषण सड़क हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई। 6 लोग घायल हो गए। हादसा जयपुर-अजमेर हाईवे पर मौखमपुरा में गुरुवार दोपहर करीब 3:45 बजे हुआ। एसपी आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि जोधपुर डिपो की रोडवेज बस जयपुर से अजमेर जा रही थी। ईको कार अजमेर से जयपुर की ओर आ रही थी। इसी दौरान अचानक बस का टायर फट गया। इससे बस बेकाबू हो गई। बस डिवाइडर कूदकर दूसरी तरफ से आ रही कार से टकरा गई। हादसे में ईको कार बुरी तरह पिचक गई। उसके अंदर बैठे सभी आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। कार में सवार सभी लोग भीलवाड़ा के रहने वाले थे। हादसे में दिनेश कुमार पुत्र मदनलाल रेगर, सुरेश रेगर पुत्र मदनलाल रेगर, बबलू



मेवाड़ा पुत्र मदनलाल मेवाड़ा, किशनलाल पुत्र जानकीलाल, रविकांत पुत्र मदनलाल, बाबू रेगर पुत्र मदनलाल, नारायण लाल बैरवा निवासी बड़लियास (भीलवाड़ा) और प्रमोद सुथार पुत्र मूलचंद निवासी मुकुंदपुरिया (भीलवाड़ा) के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार भीलवाड़ा जिले के कोटड़ी इलाके के रहने वाले सभी लोग भीलवाड़ा से महाकुंभ में प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) जा रहे थे। बड़लियास गांव के पूर्व सरपंच प्रकाश रेगर ने बताया कि सभी युवक दोस्त थे। गुरुवार सुबह 10.30 बजे बड़लियास (भीलवाड़ा) से प्रयागराज महाकुंभ के लिए निकले थे। सभी तीन दिन बाद गांव लौटने वाले थे। बबलू मेवाड़ा मांडलगढ़ रेलवे दूरसंचार विभाग में पोस्टेड था।

**For Rent**

Vacant for Rent, from March 25 onwerd, 20 Vinayak Vihar, 30×60 hall, Ground floor, Commercial Hall , Baba Ramdev Road.

**Please Contact 8005763176**

## छोटे की सरकारी नौकरी लगी, बड़े भाई ने लगाई फांसी

जनमार्ग न्यूज

**चूरू।** चूरू में छोटे भाई की सरकारी नौकरी लगने से तनाव में आए बीटेक पास युवक ने सुसाइड कर लिया। युवक रात को खाना खाकर कमरे में सोया था। गुरुवार सुबह वह मां को पंखे पर फंदे से लटका मिला। युवक के छोटे भाई का हाल ही में कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर के पद पर चयन हुआ था। कोतवाली थाना के एएसआई राजेश कुमार ने बताया कि वार्ड 51 निवासी राजेंद्र ने रिपोर्ट दी कि उनका बड़ा भाई नंदकिशोर (28) पुत्र सुभाष कानखेड़िया बीटेक पास था। वह काफी समय से सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहा था। नौकरी नहीं लगने और बेरोजगारी से परेशान होकर उसने घर के कमरे में फंदा लगा लिया। एएसआई राजेश कुमार ने बताया कि नंदकिशोर रात को खाना खाकर कमरे में सोया था। सुबह सुबह करीब साढ़े पांच बजे उसके कमरे की लाइट जली देखकर मां कमरे की तरफ गई। कमरे का दरवाजा खोलकर देखा और चिल्लाने लगी।

## गुजरात से बीकानेर आ रहा गैस टैंकर पलटा

● पुलिस ने 500 मीटर का इलाका खाली कराया

जनमार्ग न्यूज

**फलोदी।** गुजरात से बीकानेर जा रहा गैस से भरा टैंकर पलट गया। हादसे में घायल टैंकर ड्राइवर को अस्पताल में भर्ती कराया। हादसा सुबह 9 बजे फलोदी जिले के कोलू पाबूजी टोल प्लाजा पर हुआ। हादसे में टोल प्लाजा के दो केबिन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। गनीमत रही कि इस दौरान कोई जनहानि नहीं हुई। सूत्रों के अनुसार टैंकर में करीब 20 टन एलपीजी गैस भरी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, देचू एसडीएम और तहसीलदार मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान सुरक्षा को देखते




हुए आने जाने वाले वाहनों को पहले ही रोक दिया। फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंची। सुरक्षा की दृष्टि से रास्ते को डायवर्ट कर दिया गया है। लोहावट थाना प्रभारी अमर सिंह ने बताया-सुबह 9 बजे कोलू टोल पर गैंस से भरा टैंकर पलट गया था। हादसे में ड्राइवर घायल हो गया। जिसे देचू अस्पताल में भर्ती कराया है। संभावना है कि ड्राइवर को नींद की झपकी या किसी अन्य कारण से टैंकर बेकाबू हो गया।

## निर्माणाधीन कोर्ट बिल्डिंग में अधिवक्ता चैंबर का बजट जारी करने का आग्रह

● श्रीगंगानगर विधायक जयदीप बिहाणी ने वित्तमंत्री दीया कुमारी से की मुलाकात

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** विधायक जयदीप बिहाणी ने राज्य की वित्तमंत्री दीया कुमारी से मुलाकात कर जिला मुख्यालय पर नव निर्माणाधीन कोर्ट बिल्डिंग में अधिवक्ता चैंबर बनाने के लिए बजट जारी करने का आग्रह किया है। विधायक जयदीप बिहाणी ने वित्त मंत्री दीया कुमारी को ज्ञापन देकर कहा कि श्रीगंगानगर जिला मुख्यालय पर नवनिर्माणाधीन कोर्ट कॉम्पलैक्स एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं के निर्माण के लिए वर्तमान बजट सत्र में वित/राशि दिलवाई जाए। उन्होंने कहा कि श्रीगंगानगर मुख्यालय पर वर्तमान न्यायालय वर्षों से स्थापित है। श्रीगंगानगर की आबादी बढने के कारण मुख्यालय पर स्थापित न्यायालय परिसर में नये न्यायालयों के लिये भवन निर्माण, साधनों के लिये स्थान, मूलभूत सुविधाओं व अधिवक्ताओं के बैठने के लिये समुचित स्थान नही होने के कारण खुले स्थान पर न्यायालय परिसर के निर्माण की



योजना राज्य सरकार द्वारा बनायी गयी है। न्यायालय परिसर का स्थान चिन्हिकरण के पश्चात् निर्माण शुरू किया गया है। वर्तमान में बार एसोसिएशन श्रीगंगानगर में करीब 1700 अधिवक्ता पंजीकृत है। बिल्डिंग कमेटी एवं माननीय मुख्य न्यायाधिपति, राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर द्वारा निर्माणाधीन परिसर में अधिवक्ताओं के चैम्बर एवं मूलभूत आवश्यकताओं बाबत अनुमोदन कर पत्रावली वित्तिय स्वीकृति के लिए भेजी गयी है। राज्य सरकार द्वारा मुख्यालय पर निर्माणाधीन कोर्ट कॉम्प्लेक्स के अलावा अधिवक्ता चैम्बर्स एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं के निर्माण हेतु बजट अभी तक नहीं दिया गया है। अधिवक्ता व अधिनस्थों के लिए परिसर में समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण न्याय व्यवस्था पर असर पड़ता है। ऐसी स्थिति में अधिवक्ता चैम्बर्स एवं मूलभूत सुविधाओं के लिये आवश्यक बजट जारी करना समय की मांग है। वित्त मंत्री दीया कुमारी ने इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया।

## सम्पादकीय

### गरिमापूर्ण रास्ता

पहली खेप में वापस भेजे गए लोगों को जिस तरह बेड़ियों में जकड़ कर सेना के विमान पर बिठाया गया, वह विचलित करने वाला दृश्य था। जबकि यह हकीकत किसी से छिपी नहीं है कि अवैध रूप से अमेरिका गए लोगों का इरादा किसी प्रकार की आपराधिक गतिविधियां चलाने का नहीं था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शपथ ग्रहण से पहले ही स्पष्ट कर चुके थे कि वे अवैध प्रवासियों के साथ कड़ाई से निपटेंगे। यहां तक कि उन्होंने एच-वनबी वीजा समाप्त करने की भी घोषणा कर दी थी, मगर कड़े विरोध के कारण उन्होंने अपना कदम रोक लिया था। अब अमेरिका प्रशासन ने एक सौ चार अवैध प्रवासी भारतीयों का पहला जत्था वापस भेज दिया है। बताया जा रहा है कि ऐसे करीब अठारह हजार भारतीय मूल के लोग अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे हैं और उन सभी को वापस भेजा जाएगा। निश्चय ही इस तरह अमेरिका ने भारत सहित दुनिया के तमाम देशों को सख्त संदेश दिया है कि वह अपने आव्रजन कानूनों को सख्ती से लागू कर रहा है। इससे बिना जरूरी कागजात के, अवैध तरीके से, अमेरिका में प्रवेश की कोशिश करने वालों पर लगाम लगेगी। गौरतलब है कि अमेरिका में अवैध घुसपैठ करने वालों में सबसे अधिक लोग भारत के होते हैं। ट्रंप ने कहा था कि ऐसे लोगों की वजह से अमेरिका पर नाहक भारी वित्तीय बोझ पड़ता और सुरक्षा को खतरा पैदा होता है। इसलिए उन सीमाओं पर भारी संख्या में सुरक्षाबल तैनात कर दिए गए हैं, जहां से अवैध प्रवासी प्रवेश करते हैं। कोई भी देश अपने यहां लोगों को अवैध रूप से प्रवेश की इजाजत नहीं देता। युद्ध, अकाल आदि स्थितियों में कुछ लोग पलायन कर दूसरे देशों में शरण लेने का प्रयास करते हैं, उन्हें कुछ समय के लिए नजरअंदाज कर दिया जाता है। मगर रोजी-रोजगार की तलाश में गलत तरीके से प्रवेश करने की इजाजत किसी को नहीं दी जा सकती। इसलिए जब ट्रंप ने अवैध प्रवासियों का मुद्दा उठाया, तो भारत ने कहा कि वह अपने नागरिकों को वापस लेने को तैयार है। मगर अमेरिका चूंकि उन्हें अपराधी मानता है, इसलिए वह उनके साथ उसी तरह निपटना चाहता है।

# टैरिफ वार में भारत के लिए अवसर

अमेरिका के व्यापार घाटे में भारत की हिस्सेदारी सिर्फ 36 अरब डॉलर रही है। अमेरिका को जिन देशों से सबसे ज्यादा व्यापार घाटा होता है उस लिस्ट में भारत 9वें क्रम पर है। गौरतलब है कि ट्रंप भारत की ओर से अमेरिकी प्रोडक्ट पर बहुत ज्यादा टैरिफ लगाने की शिकायत करते हुए भारत पर भी टैरिफ लगाने की धमकी दे चुके हैं। ऐसे में भारत ने भी इस बात को समझा है कि ट्रंप एक हाथ से लेने व दूसरे हाथ से देने में विश्वास करते हैं। अतएव भारत ने ट्रंप के टैरिफ से बचने के लिए देखते ही देखते अपने यहां कुछ अमेरिकी सामान पर टैरिफ कम करना शुरू कर दिया है। भारत-अमेरिका के बीच आर्थिक संबंधों का नया परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है।

हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा और मैक्सिको पर 25 फीसदी और चीन पर 10 फीसदी टैरिफ का ऐलान किया, वहीं 4 फरवरी को चीन ने पलटवार करते हुए अमेरिका पर 15 फीसदी टैरिफ लगा दिया। इसके साथ ही अमेरिका-चीन के बीच ट्रेड वार का नया दौर शुरू हो गया है। वस्तुतः चीन, मैक्सिको और कनाडा से अमेरिका को सबसे ज्यादा व्यापार घाटे का सामना करना पड़ता है। ये तीनों देश अमेरिका के लगभग 670 अरब डॉलर व्यापार घाटे के लिए जिम्मेदार हैं। वर्ष 2023 में अमेरिका को चीन से 317 अरब डॉलर, मैक्सिको से 200 अरब डॉलर और कनाडा से 153 अरब डॉलर का व्यापार घाटा हुआ था। जबकि अमेरिका के व्यापार घाटे में भारत की हिस्सेदारी सिर्फ 36 अरब डॉलर रही है। अमेरिका को जिन देशों से सबसे ज्यादा व्यापार घाटा होता है उस लिस्ट में भारत 9वें क्रम पर है।

गौरतलब है कि ट्रंप भारत की ओर से अमेरिकी प्रोडक्ट पर बहुत ज्यादा टैरिफ लगाने की शिकायत करते हुए भारत पर भी टैरिफ लगाने की धमकी दे चुके हैं। ऐसे में भारत ने भी इस बात को समझा है कि ट्रंप एक हाथ से लेने व दूसरे हाथ से देने में विश्वास करते हैं। अतएव भारत ने ट्रंप के टैरिफ से बचने के लिए देखते ही देखते अपने यहां कुछ अमेरिकी सामान पर टैरिफ कम करना शुरू कर दिया है। एक फरवरी को पेश वर्ष 2025-26 के बजट में भारत ने अमेरिका से आने वाली वस्तुओं जैसे 1600 सीसी से कम इंजन की मोटरसाइकिल, सैटेलाइट के लिए ग्राउंड इंस्टॉलेशन और सिंथेटिक फ्लेवरिंग एसेंस जैसे कुछ सामानों पर शुल्क घटा दिए हैं। भारत ने यह स्पष्ट संकेत दिया है कि वह ट्रंप प्रशासन से शुल्कों के रूप में मिलने वाली किसी चुनौती को टालने के लिए सीमा शुल्कों में एकतरफा कमी करने के लिए तैयार है। यह उल्लेखनीय है कि विगत 27 जनवरी को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर बात करके उनके ऐतिहासिक दूसरे कार्यकाल के लिए बधाई देते हुए भारत-अमेरिका के बीच व्यापार, प्रौद्योगिकी, निवेश, ऊर्जा और रक्षा के क्षेत्र में व्यापक द्विपक्षीय साझेदारी को आगे बढ़ने के उपायों पर सार्थक चर्चा की है। इसके बाद भारत-अमेरिका के बीच आर्थिक संबंधों का नया परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है।

यह भी बात महत्वपूर्ण है कि जहां इसी माह फरवरी 2025 में प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका जाएंगे, वहीं क्वाड के शिखर सम्मेलन में इसी वर्ष 2025 में राष्ट्रपति ट्रंप के भारत आने की संभावनाएं हैं और इससे अमेरिका के साथ भारत के कारोबारी संबंध भी और व्यापक होंगे। यहां यह उल्लेखनीय है कि ट्रंप के नए कार्यकाल के मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसियों ने अनुमान जताया है कि अमेरिका के नए राष्ट्रपति ट्रंप से चीन को भारी नुकसान हो सकता है और भारत समेत आसियान देशों को फायदा होगा। वैश्विक अर्थ विशेषज्ञों का यह भी मत है कि भारत और अमेरिका के बीच लगातार बढ़ता हुआ व्यापार ट्रंप के नए कार्यकाल में और बढ़ना संभावित है। वित्त वर्ष 2023-24 में करीब 120 अरब डॉलर मूल्य की वस्तुओं का द्विपक्षीय व्यापार हुआ था। वर्ष 2024 में जनवरी से जून के बीच अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बनने के साथ-साथ भारत के लिए अमेरिका निर्यात के लिए सबसे बड़े बाजार सबसे प्रमुख निर्यात के रूप में



रेखांकित हो रहा है। पिछले वर्ष भी अमेरिका के साथ व्यापार संतुलन भारत के पक्ष में रहा है और यह अधिशेष 35.3 अरब डॉलर स्तर पर है। विकासशील देशों की अनुसंधान एवं सूचना प्रणाली (आरआईएस) सहित अन्य नई अध्ययन रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि ट्रंप के नए कार्यकाल में भारत के लिए चुनौतियों के बीच मौके दिखाई दे रहे हैं। ट्रंप के पहले शासन काल में भारत चीन के खिलाफ सख्ती का फायदा नहीं उठा सका था। ऐसे में ट्रंप द्वारा अमेरिकी प्रशासन की बागडोर संभालने के बाद भारत ने बहुआयामी रणनीति पर आगे बढ़ना शुरू कर दिया है, जिससे एक ओर अमेरिका में निर्यात बढ़ सके, वहीं दूसरी ओर वैश्विक निर्यात में भी तेज बढ़त मिल सके। निश्चित रूप से भारत के द्वारा अमेरिका के व्यापक हित में कुछ उत्पादों से शुल्क घटाए जाने से भारत को अमेरिका में निर्यात के अधिक मौके प्राप्त होंगे। भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गारसेटी ने कहा है कि ट्रंप के आगमन से भारत और अमेरिका के आर्थिक रिश्ते और अधिक मजबूत होंगे। ऐसे में ट्रंप की आर्थिक चुनौतियों के बीच भी भारत के लिए आर्थिक मौके उभर कर दिखाई दे रहे हैं। खासतौर पर ट्रंप ने भारतीयों को बड़ी राहत का ऐलान करते हुए कहा कि एच-1बी वीजा बंद नहीं होगा, क्योंकि इस समय अमेरिका को अच्छे प्रोफेशनल्स की जरूरत है। निःसंदेह ट्रंप का रुख और ट्रंप की नीति से भारत के लिए अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने और अमेरिका के सहयोग से भारत को चीन प्लस वन के रूप में दुनिया वैश्विक व्यापार में तेजी से उभरने का मौका भी मिल सकता है। चीन में मैन्यूफैक्चरिंग करने वाली कई विदेशी कंपनियां भी भारत का रुख कर सकती हैं। भारत को अब तक चीन प्लस वन रणनीति अपनाने में अब तक सीमित फायदा ही मिला है। ट्रंप के नए कार्यकाल में यह फायदा बढ़ते हुए दिखाई दे सकेगा। शुरुआत में ही भारत-अमेरिका के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को अंतिम रूप देकर लागू किए जाने की संभावना है। इससे भारत-अमेरिका व्यापार बढ़ेगा। भारत अमेरिका में निर्यात बढ़ाते हुए वैश्विक आपूर्तिकर्ता देश के रूप में भी आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे सकेगा। इन सबके साथ-साथ मोदी और ट्रंप के बीच हाउडी मोदी से नमस्ते ट्रंप तक के मित्रता के बहुआयामी अध्याय भारत-अमेरिका व्यापार को बढ़ाने में मददगार होंगे। इसमें कोई दो मत नहीं है कि जिन क्षेत्रों में चीन अमेरिका को प्रमुखता से निर्यात करता है, उनमे से कई क्षेत्रों में भारत अपना निर्यात सरलता से बढ़ा सकता है। इन क्षेत्रों में इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल उपकरण, मोबाइल फोन, फुटवीयर, टेक्सटाइल और गार्मेंट्स, फर्नीचर और घर के सजावटी सामान, वाहनों के कल पुर्जे, खिलौने और रसायन आदि शामिल हैं। इस परिप्रेक्ष्य में भारतीय निर्यातकों को अमेरिका बाजार में पहुंच बढ़ाने के लिए वर्ष 2025-26 के बजट में एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन अहम भूमिका निभाएगा। इस मिशन और मार्केटिंग प्रोत्साहन से निर्यातकों को अमेरिका के विभिन्न भागों में आयोजित प्रदर्शनियों में शामिल होने और अमेरिका में निर्यात योग्य नए उभरते क्षेत्रों की संभावनाओं का दोहन करने में मदद मिलेगी।

इस समय जब डोनॉल्ड ट्रंप अपने नए कार्यकाल में अमेरिका को नए सिरे से गढ़ने के लिए चीन, कनाडा व मैक्सिको पर शुल्क लगाने की घोषणा के साथ आगे बढ़े हैं और भारत ने ट्रंप के टैरिफ वार को समझते हुए अमेरिका के व्यापक हित वाले उत्पादों पर शुल्क में उपयुक्त कमी की रणनीति अपनाना शुरू की है, वह भारत के लिए लाभप्रद होगी। ऐसे में अमेरिका को अधिक निर्यात बढ़ाने और चीन प्लस वन के मद्देनजर वैश्विक स्तर पर अधिक निर्यात के मौके भारत की मुट्ठी में आते हुए दिखाई दे सकेंगे। हम उम्मीद करें कि ट्रंप के द्वारा जो नई आर्थिक इबारत लिखी जा रही है, उससे भारत-अमेरिका के आर्थिक रिश्तों का नया दौर आगे बढ़ेगा।

## आध्यात्मिक जीवंतता का वाहक महाकुंभ

कुंभ का शब्दार्थ है घड़ा अर्थात कलश। कुंभ का जीवनार्थ है- काया व मन को पंचतत्त्वों के प्रत्यक्ष स्पर्श में लाकर आत्मसाधना की ओर अग्रसर होना। कुंभावधि में जल नामक तत्त्व गंगा, यमुना व सरस्वती के संगम पर अमृतोन्मुखी हो उठता है। कुंभ के वृहद् स्वरूप महाकुंभ में जलतत्त्व के अमृत संपर्क में आकर आत्ममुखी होने का अवसर है महाकुंभी आयोजन। गत तेरह जनवरी से प्रारंभ हुई यह आस्थायात्रा 26 फरवरी 2025 तक चलेगी। अट्ठारह पुराणों से होते हुए चार वेदों तथा असंबद्ध रूप में 108 व मुख्यतः 13 उपनिषदों में समाहित (पंचांग- तिथि, वार, नक्षत्र, योग तथा करण; पंचतत्त्व- नभ, पृथ्वी, वायु, जल तथा अग्नि) संस्थिति द्वारा शुभाशुभ समय के निर्धारण के उपरांत नियत महाकुंभ आयोजन की पौराणिक कथा मूलतः विष्णु पुराण में पुरोल्लिखित हुई थी। इसके अनुसार, महर्षि दुर्वासा के श्राप द्वारा स्वर्ग ऐश्वर्य, धन, वैभव, इत्यादि से रहित हो गया था। फलतः इन्द्रादि देवता शक्तिहीन हो गये। सहायतार्थ देवताओं ने भगवान विष्णु की शरणागति की। भगवान ने उन्हें असुरों के साथ मिलकर समुद्र मंथन का उपाय बताया। मंथन से अमृत प्राप्त होगा, जिसका पान करके वे सभी अमर हो जाएंगे। असुर राजा बलि को देवताओं ने यह युक्ति बताई। वह भी अमरत्व के लोभवश समुद्र मंथन हेतु तैयार हो गया। देवासुरों ने वासुकि नाग की रस्सी बनाकर मंदराचल पर्वत की सहायता से सागर मथना प्रारंभ किया। परिणामस्वरूप एक-एक कर 14 रत्न निकले। इसी अमृत का पान करने दानव परस्पर छल-बल करने लगे। इस पारस्परिक संघर्ष में वे अमृतकुंभ लेकर यहां-वहां दौड़े। दौड़ाभागी में कुंभ से अमृत की बूंदें छलककर प्रयागराज, नासिक, उज्जैन एवं हरिद्वार में गिर पड़ीं। जिस क्रम में वे जहां गिरीं, वहीं उस स्थान पर समयक्रमानुसार छह वर्ष में अर्द्धकुंभ एवं बारह वर्षों में एक बार कुंभ का आयोजन होता है। तत्कालीन देवासुरों के विशाल अस्तित्व के अनुरूप सृजित अमृत की बूंदें आज के युग के मानवों हेतु नदी के समान ही हैं। प्रायः 12 वर्ष के समयचक्र में होने वाले कुंभ की समयावधि में बृहस्पति, सूर्य व चंद्रमा एक साथ एक दिशा एक स्थिति में विद्यमान होते हैं, किंतु बृहस्पति जब मकर राशि में तथा सूर्य व चंद्रमा अन्य शुभ स्थानों पर विराजित होते हैं, तब महाकुंभ का धरायण होता है। खगोलीय एवं ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार 12 कुंभ घटियों के बाद 144 वर्ष का योग बनता है। इस बार यही संयोग है। कुंभ के पौराणिक, प्राकृतिक, आध्यात्मिक और दार्शनिक अर्थ असीमित हैं। इन अर्थों को व्यक्तिगत योग चेतना के माध्यम से ही अनुभव किया जा सकता है। कुंभ का मर्म पापमुक्ति एवं मोक्षप्राप्ति से भी गहन है। यदि व्यक्ति के अंदर प्राकृतिक उत्सव में संचित होकर जीवन के प्रति अंतर्दृष्टि खोलने की उत्कट इच्छा है तो उसके लिए महाकुंभ सर्वोत्तम अवसर है। प्रकृति के पंचतत्त्वों में से एक है नीर। प्रत्यक्ष दिखाई देतीं नीरवाहिनी नदियां गंगा, यमुना व अदृश्य रूप में विद्यमान सरस्वती के संगम स्थल के प्रति आस्था, कृतज्ञता एवं सम्मान प्रदर्शित करने का विशाल, भव्य व अद्भुत सम्मेलन संसार में कहां है! इस पावन समय में यह स्थल अलौकिक शोभा एवं सौंदर्य के साथ चमत्कृत है। इस शुभघड़ी में तीनों सरिताओं के अमृतमय नीर द्वारा क्षयमान शरीर को चेतना प्रदान कर, मंगल स्नान कर और निज क्षमता से ध्यान धर कर व्यक्ति के मन में मौन होने, आध्यात्मिक होने का जो विचारबल प्रस्फुटित होता है, वास्तव में वही महाकुंभ का वास्तविक प्रसाद है। महाकुंभ का आस्थावान अंग केवल इसलिए नहीं बनना है कि काया संगम में डुबकी लगाएगी और व्यक्ति का लोक-परलोक सुधर जाएगा, बल्कि आवश्यकता कुंभगत प्राकृतिक प्रभाव को आत्मसात करने की है, ताकि जीवन-मृत्यु के मध्य घूर्णन करते मानवीय अस्तित्व के अंतिम शीर्ष लक्ष्य की ओर उन्मुख होने का आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त हो। मनुष्य का जीवन केवल भौतिक संघर्ष द्वारा ही परास्त नहीं होता। यह वैचारिक एवं मानसिक संघर्ष द्वारा भी अधि सीमा तक दुष्प्रभावित होता है। इन दोनों ही संघर्षों में आत्मबल वृहद् सहायक भूमिका में होता है। अध्यात्म की श्रेष्ठ उपलब्धियां जिन माध्यमों से साकार होती हैं, महाकुंभ की पारंपरिक उत्सवधर्मिता उनमें सर्वश्रेष्ठ है। साधु-संतों, ऋषियों-मुनियों की अंतर्दृष्टि में महाकुंभ त्याग, तपस्या, साधना, ध्यान, भक्ति, आस्था, प्रकृति के प्रति गहन समर्पण, लोक-समाज के लिए व्यक्तिगत क्षमता के अनुसार दायित्व भावना के उदय तथा अंततः जीवन-मृत्यु के अबूझ कालचक्र से स्थायी मुक्ति प्राप्त करने का आध्यात्मिक उपाय है। कुंभ एक गहन आध्यात्मिक विस्तार है। महाकुंभ का मर्म अत्यंत वृहद् है।

## मुंह के मौन से ज़्यादा ज़रूरी 'मन का मौन'

हम सभी मनुष्य जन्मते ही अपना मुख चलाना शुरू कर देते हैं, जिसका प्रमाण है जन्म लेते ही शिशु का रोना। बोलना हमारी स्वाभाविक क्रिया है, जो हमें करनी ही पड़ती है। यह बात और है कि कभी-कभी बाहर के शोर में हम इतने खो जाते हैं कि ईश्वर का स्वर हमें सुनाई ही नहीं पड़ता। इसीलिए ही महापुरुषों से हमें एक उत्तम राय मिलती है कि सप्ताह में या माह में एक दिन अवश्य मौन रहें, परंतु हम मुख को तो बंद कर लेते हैं, परंतु हमारे मन का बोलना बंद नहीं हो पाता। इसलिए ही तो अधिकतर डाक्टर सभी मरीजों को कहते हैं कि 'अपने मन को ज्यादा नहीं चलाओ।' अर्थात 'मन का मौन' करो। कहते हैं कि बिना हड्डी की जीभ जब बोलने लगती है, तो कइयों की हड्डियां तोड़ देती है। इसीलिए तो हमें यह बचपन से सिखाया जाता है कि पहले सोचो फिर बोलो, क्योंकि जैसे कमान से निकला हुआ तीर वापस नहीं आता, ठीक उसी तरह मुख से निकला हुआ वचन भी वापस नहीं लिया जा सकता। इसका सबसे श्रेष्ठ उदहारण है महाभारत की कथा, जिससे हमें यह सीख मिलती है कि कैसे एक जुबान के फिसलने से संकटकाल का निर्माण हो गया। इसीलिए 'कम बोलें-धीरे बोलें-मीठा बोलें।' हम जब भी कुछ बोलें तो हमारे वचन दूसरों के लिए सुखदायी हों, न कि कांटा चुभाने वाले दुखदायी। संसार में ऐसे अनेक लोग हैं जिन्होंने कटु वचन बोलने के संस्कार के कारण अपने संबंधों में खटास पैदा कर ली है। इसलिए हमें सदैव सही समय और सही जगह पर सही शब्द का प्रयोग करना चाहिए।

## मन का भोजन हमारे विचार हैं

एक दिन गौतम बुद्ध अपने शिष्यों और अन्य लोगों को उपदेश दे रहे थे। सत्संग में काफी लोग बैठे हुए थे। भीड़ में से एक व्यक्ति उठा और उसने बुद्ध से पूछा कि तथागत मैं जब ध्यान करने बैठता हूं तो मेरा मन ध्यान में नहीं लग पाता है। कृपया बताइए, मैं ध्यान कैसे कर सकता हूं? बुद्ध के साथ ही सत्संग में बैठे हुए लोगों ने भी ये प्रश्न सुना, लेकिन बुद्ध ने उस व्यक्ति से कहा कि कृपया फिर से अपनी बात कहें। उस व्यक्ति ने फिर से कहा कि मेरा मन ध्यान में नहीं लगता है, मैं ध्यान कैसे कर सकता हूं? बुद्ध ने कहा कि एक बार और अपनी बात कहें। उस व्यक्ति ने एक बार और अपनी बात कह दी। बुद्ध ने कहा कि हमारे विचार मन के लिए भोजन हैं। जब तक मन को विचारों का भोजन मिलता रहेगा, हम ध्यान नहीं कर सकते हैं। जब हम ध्यान करने बैठे, तब मन को विचारों का भोजन नहीं देना चाहिए, यानी सोच-विचार करना बंद कर देना चाहिए। तब ही हम ध्यान कर पाएंगे। जब मन विचारों से खाली हो जाएगा, तब ही हम ध्यान कर पाएंगे। बुद्ध ने उस व्यक्ति से ध्यान के बारे में प्रश्न तीन बार पूछा था और बुद्ध ने भी तीन बार इस प्रश्न का उत्तर दिया। बुद्ध ने तीन बार उत्तर दिया तो लोगों ने पूछा कि आपने इस व्यक्ति से तीन बार प्रश्न पूछा और उत्तर भी तीन बार ही दिया, ऐसा क्यों? बुद्ध ने लोगों को समझाया कि मैं इन सज्जन से तीन बार प्रश्न पूछा, क्योंकि मैं प्रश्न के लिए इनकी गंभीरता को परखना चाहता था। जब मुझे लगा कि ये अपने प्रश्न के लिए गंभीर हैं, तब मैंने उत्तर भी तीन बार दिया, ताकि मेरी बात इन्हें अच्छी तरह समझ आ जाए।

# न्यूट्रिशनिस्ट की सलाह, डाइट शब्द के झांसे में न आएं

बहुत से लोग कोल्ड ड्रिंक्स के शौकीन होते हैं। खासतौर से कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक्स युवाओं की पहली पसंद है। इन सभी प्रोडक्ट्स में सोडा का इस्तेमाल किया जाता है और इनमें शुगर की मात्रा बहुत ज्यादा होती है। पिछले कुछ समय में, शुगर के नुकसान से परिचित होने के बाद, लोगों में डाइट सोडा वाले ड्रिंक्स के प्रति दीवानगी बढ़ी है। कई मल्टीनेशनल कंपनियां अपने-अपने प्रोडक्ट्स के साथ 'डाइट' शब्द लगाकर उसे बेच रही है। डाइट सोडा सॉफ्ट ड्रिंक्स में मिठास के लिए मिलाया जाता है। इसमें जीरो कैलोरी होती है और यह शुगर फ्री होता है। इसमें चीनी की जगह आर्टिफिशियल स्वीटनर के जरिए मिठास पैदा की जाती है। डाइट सोडा में चीनी नहीं होती। इसमें ऐसी दूसरी चीजें मिलाई जाती हैं, जो चीनी की तरह मीठी होती हैं, लेकिन ब्लड शुगर लेवल को नहीं बढ़ातीं। यह सभी 6 स्वीटनर्स फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा एप्रूव्ड हैं। शुगर की जगह इन स्वीटनर्स के इस्तेमाल की वजह से डाइट सोडा में कैलोरी नहीं होती है, जबकि रेगुलर सोडा में फरुक्टोज होने के कारण इसमें अच्छीङ्कखासी कैलोरी होती है। जवाबङ्क घर के खाने में इस्तेमाल होने वाला सोडा आमतौर पर बेकिंग सोडा होता है, जिसे सोडियम बाइकार्बोनेट भी कहा जाता है। यह एक सफेद, बिना गंध वाला पाउडर होता है। इसका इस्तेमाल मुख्य रूप से खाना पकाने और सफाई में किया जाता है। न्यूट्रिशनिस्ट और डाइटेटिक्स डॉ. अमृता मिश्रा कहती हैं कि हम अक्सर यह पढ़ते-सुनते हैं कि रेगुलर सोडा पीने से टाइप 2 डायबिटीज, दांत सड़ना और दिल की बीमारी हो सकती है। वहीं डाइट सोडा के बारे में, भ्रामक प्रचार की वजह से हमें लगता है कि इसे पीने से ये बीमारियां नहीं होती हैं। जबकि ऐसा नहीं है। रेगुलर सोडा से डाइट सोडा पर स्विच करने पर सिर्फ शुगर और कैलोरी इंटेक कम होता है, बीमारियों का खतरा कम नहीं होता। डाइट सोडा भले ही जीरो शुगर और कैलोरी-फ्री होता है, लेकिन इसके बावजूद भी यह हेल्थ को गंभीर नुकसान पहुंचाता है। आइए इसे ग्राफिक के जरिए समझते हैं। टाइप 2 डायबिटीज का जोखिम- 'स्प्रिंगर नेचर लिंक' और 'यूरोपियन जर्नल ऑफ न्यूट्रिशन' में पब्लिश्ड एक रिसर्च के मुताबिक, डाइट सोडा जीरो कैलोरी ड्रिंक होने बावजूद टाइप 2 डायबिटीज का खतरा पैदा कर सकता है। दांतों के खराब होने का खतरा- 'अमेरिकन डेंटल एसोसिएशन' के अनुसार, डाइट सोडा एसिडिक होता है। जो लोग डाइट सोडा पीते हैं, उनके दांतों की ऊपरी परत जल्दी घिस जाती है। हाई ब्लड प्रेशर का खतरा- साइंस डायरेक्ट में पब्लिश्ड रिसर्च के अनुसार, डाइट सोडा पीने से हाइपरटेंशन का खतरा बढ़ सकता है। इस स्टडी के मुताबिक दिन में एक बार डाइट सोडा पीने वालों में हाइपरटेंशन का रिस्क सामान्य लोगों की तुलना में 9त्न ज्यादा होता है। किडनी की बीमारी का खतरा- 'क्लिनिकल जर्नल ऑफ द अमेरिकन सोसाइटी ऑफ नेफ्रोलॉजी' में पब्लिश्ड एक रिसर्च के अनुसार, डाइट सोडा पीने से किडनी की बीमारी का खतरा बढ़ सकता है।




ऐसा डाइट सोडा और रेगुलर सोडा में इस्तेमाल किए जाने वाले फास्फोरस की वजह से होता है। हालांकि, फास्फोरस हड्डियों को मजबूत बनाने का काम करता है, लेकिन अधिक इस्तेमाल नुकसान भी पहुंचा सकता है। किडनी की बीमारी पीड़ित लोगों को सोडा बिलकुल नहीं पीना चाहिए। डाइट सोडा पीने का कोई फायदा नहीं है। जब हम सॉफ्ट ड्रिंक्स पीते हैं तो डकार आती है। ऐसे में हमें लगता है कि इससे गैस की समस्या से राहत मिल रही है। जबकि ऐसा नहीं है। सोडा पीने पर जो डकार आती है, वह दरअसल सोडे की ही गैस होती है। डाइट सोडा या किसी भी पैकेज्ड जूस या ड्रिंक की जगह प्राकृतिक फलों, सब्जियों, दूध-दही से घर पर बना हर तरह का ड्रिंक सेहत के लिए अमृत के समान है। इसलिए सोडा रेगुलर हो या डाइट, उसे कहिए टाटा और नीचे ग्राफिक में दिए ये ड्रिंक्स पीजिए। गर्मियों में कुछ ठंडा और ताजगी से भरपूर चाहिए तो छाछ से बेहतर कुछ नहीं है। पाचन को बेहतर बनाने के साथ यह शरीर को ठंडक भी पहुंचाता है। इसमें मौजूद कैल्शियम हड्डियों को मजबूत करता है और साथ ही इम्यूनिटी बढ़ाता है। यह शरीर को डिटॉक्स करने में मदद करता है। इससे त्वचा निखरती है। इसमें एंटीऑक्सिडेंट्स होते हैं, जो बॉडी को डिटॉक्स करने के साथ वजन घटाने में भी मदद करते हैं। आप इसे सुबह खाली पेट पी सकते हैं। नारियल पानी शरीर को हाइड्रेट रखता है, पेट को ठंडा रखता है। यह एक इंस्टेंट एनर्जी ड्रिंक है, जो किसी सॉफ्ट ड्रिंक से बेहतर है। इससे दिल की बीमारी का खतरा भी कम होता है। गर्मी में जलजीरा न सिर्फ पेट की समस्याओं को दूर करता है, बल्कि हाइड्रेट रखने में मदद करता है। इसे आप जीरा, हींग, नींबू और अजवाइन के साथ तैयार कर सकते हैं। फ्रूट मॉकटेल्स शरीर को एनर्जी देने के साथ टेस्टी और हेल्दी भी होते हैं। ये शरीर के लिए जरूरी विटामिन्स और मिनरल्स प्रदान करते हैं। वॉटरमेलन शरीर को हाइड्रेटेड रखता है, त्वचा को निखारता है। इसमें कम कैलोरी होती है, जिससे वजन घटाने में भी मदद मिलती है। अगर आपको कार्बोनेटेड ड्रिंक पसंद है तो प्रीबायोटिक सोडा एक विकल्प हो सकता है। इनमें प्रीबायोटिक फाइबर होता है, जो आपके हेल्दी बैक्टीरिया को फीड करता है। इसमें आमतौर पर कम शुगर होता है और डाइट सोडा की तुलना में ज्यादा न्यूट्रिशन मिलता है।

जनमार्ग सिटी न्यूज
JANMARG news जनमार्ग
श्रीगंगानगर, शुक्रवार, 07 फरवरी 2025


# कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

## कैंसर के प्रारम्भिक लक्षण, बचाव के उपाय व इलाज की जानकारी दी तथा जीवन शैली में बदलाव पर दिया बल

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** भारतीय जैन संगठना, श्रीगंगानगर द्वारा आमजन में कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। श्री आत्म वल्लभ जैन कन्या महाविद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मैक्स केयर हॉस्पिटल के डॉ. राकेश छाबड़ा थे तथा श्रीगंगानगर के विभिन्न महाविद्यालयों एवं विद्यालयों के शिक्षक तथा कार्यक्रम प्रभारी विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन भारतीय जैन संघटना की मुख्य शाखा, महिला शाखा और युवा शाखा द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती तथा भगवान गणेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया। भारतीय जैन संगठना मुख्य शाखा अध्यक्ष राजेश जैन, सचिव मुकेश सेठी, महिला विंग सचिव ममता अरोड़ा व कोषाध्यक्ष निशा जैन, यूथ इकाई अध्यक्ष कुशल जैन आदि पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि को माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। महाविद्यालय की संगीत छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई।



कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डॉ. राकेश छाबड़ा ने कैंसर बीमारी के कारण, पहचान तथा निवारण के बारे में सारगर्भित जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जागरूकता के अभाव में कुछ पिछड़े समाजों में कैंसर को छुआछूत जैसी बीमारी मानकर कैंसर रोगियों से दूरी बना ली जाती है, जबकि ऐसा नहीं होना चाहिए। यह एक भ्रांति है, जिसे हमें समाज से हटाना पड़ेगा। उन्होंने कैंसर रोग के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि शरीर की कोशिकाओं में असामान्य वृद्धि को ही कैंसर बताया गया है। 60 प्रतिशत मामलों में कैंसर बिना किसी पूर्व लक्षण के आक्रमण करता है। यदि हम प्रारंभ में ही कैंसर की बीमारी को पकड़ लेते हैं तो इसका शत-प्रतिशत इलाज संभव है तथा वह व्यक्ति पुनः स्वस्थ जीवन जी सकता है। डॉ. राकेश छाबड़ा ने कहा कि पेट का कैंसर सबसे खतरनाक कैंसर होता है तथा जापान में पेट के कैंसर के सर्वाधिक मरीज पाए जाते हैं। लेकिन उनकी जागरूकता तथा उनके जीवन जीने की प्रेरणा आदि के कारण इस भयंकर बीमारी से कम लोगों की ही मौत होती है। उन्होंने कहा कि दूषित जल तथा दूषित भोजन भी कैंसर का मुख्य कारण है। तंबाकू में 7 हजार ऐसे केमिकल पाए जाते हैं, जो कैंसर बीमारी फैलाने में सक्षम होते हैं। उन्होंने कैंसर के प्रारंभिक लक्षण बताए तथा कैंसर के बचाव के लिए जीवन शैली में बदलाव, जल्दी जांच, सही इलाज एवं देखभाल पर बल दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारतीय जैन संगठना पदाधिकारियों ने कहा कि हर वर्ष 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है, जो कैंसर के खिलाफ एकजुट होने तथा इस गंभीर बीमारी से लड़ने का संदेश देता है।

सचिव मुकेश सेठी ने बताया कि इस मौके पर तीन वर्गों सब जूनियर, जूनियर तथा सीनियर वर्ग में कैंसर जागरूकता चित्रकला प्रतियोगिता हुई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा इस गंभीर बीमारी से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया। निर्णायकों द्वारा घोषित परिणाम के अनुसार सब जूनियर वर्ग में प्रथम धानी (बिरला पब्लिक स्कूल), द्वितीय अनवी जैन (गुड शेफर्ड पब्लिक स्कूल) व तृतीय समायरा (गुड शेफर्ड पब्लिक स्कूल) रही एवं सांत्वना पुरस्कार तनीषा डालिया (श्री आत्म वल्लभ जैन पब्लिक स्कूल) को मिला। जूनियर वर्ग में जैन पब्लिक स्कूल के छात्र ओजस्वी सिंघल ने प्रथम, बिरला पब्लिक स्कूल की छात्रा मेधा ने द्वितीय, सरस्वती पब्लिक स्कूल की छात्रा दीक्षा ने तृतीय स्थान तथा गुड शेफर्ड पब्लिक स्कूल के छात्र तोषित ने ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में प्रथम ऋषिता, द्वितीय गगनदीप कौर व तृतीय सुमेष्ठा रही तथा सांत्वना पुरस्कार श्री आत्म वल्लभ जैन कन्या महाविद्यालय की छात्रा कशिश बंसल को दिया गया। भारतीय जैन संगठना द्वारा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया तथा मंच पर समूह फोटो करवाया गया। इसके अलावा सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों के साथ भी समूह फोटो सेशन आयोजित किया गया।

इस मौके पर कैंसर रोग को अपने परिवार व अपने हौसले से हराने वाली स्नेहलता सोनी को इंस्पायर अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उन्होंने अपने अनुभव भी सबके साथ सांझा किए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में श्री आत्म वल्लभ जैन कन्या महाविद्यालय प्रिंसिपल डॉ. पंकजलता, विभागाध्यक्षों सहित समस्त स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा। सफल मंच संचालन डॉ. निकिता शर्मा ने किया। इस अवसर पर भारतीय जैन संगठना मुख्य शाखा, महिला शाखा तथा युवा शाखा पदाधिकारी व सदस्य, महाविद्यालयी व विद्यालयी छात्र-छात्राएं, स्टाफ सदस्य तथा गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### सदभाव मार्ग को मास्टर प्लान के अनुरूप 80 फिट चौड़ा करने के लिए

# समझौते-सहमति से सड़क सीमा की जगह लेने के लिए नोटिस देना शुरू

❑ बढ़ी उम्मीद : सदभाव मार्ग के नाम से एक और मिनी बाईपास जल्द मिलेगा : सुरेन्द्र स्वामी

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** मास्टर प्लान में अस्सी फिट चौड़े प्रस्तावित सदभाव मार्ग की सड़क सीमा में आने वाली कृषि भूमि को आपसी समझौते से सड़क निर्माण के लिए अर्जन करने के लिए नगर विकास न्यास राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार काश्तकारो को नोटिस भेजने शुरू कर दिए है।और न्यास प्रशासन ने दस दिन में काश्तकारो से आपसी समझौते से भूमि सम्पर्ण के लिए समय दिया है ।सदभाव मार्ग निर्माण के लिए लंबे समय से संघर्ष का नेतृत्व कर रहे पूर्व पार्षद सुरेन्द्र स्वामी एडवोकेट ने बताया की सड़क निर्माण के लिए जगह का अधिग्रहण किया जाता है लेकिन हम लोग चाहते है की अधिग्रहण न करके आपसी समझौते से शहर के विकास में सहयोग करते हुए काश्तकार परिवार सहमति से सड़क निर्माण के लिए जगह का समर्पण करे ताकि शहर और समाज में अच्छा मैसेज जाए । सहमति से समर्पण करने वाले काश्तकार यदि भूमि के बदले मुआवजा या अन्य कोई लाभ चाहेंगे तो तय नियमों के अनुसार मुआवजा दिला दिया जाएगा ।पूर्व पार्षद सुरेन्द्र स्वामी ने बताया की इससे पहले इस इलाके के लोगो की मांग पर सड़क सीमा में किए गए निर्माणों के जब निशान लगाए गए थे वो भी लाल रंग के ना लगाकर आपसी सहमति से हरे रंग से निशान लगाए थे । पूर्व पार्षद सुरेन्द्र स्वामी ने उम्मीद जताई की अधिकांश काश्तकार विकास के इस कार्य में सहयोगी रहेंगे और आपसी सहमति से सड़क निर्माण के लिए जगह छोड़ देगें । सुरेन्द्र स्वामी ने बताया की काश्तकार यदि मुआवजा, समर्पण की भूमि के बदले भूमि, सुविधा क्षेत्र में लाभ जो भी अच्छा लगेगे वो आपसी समझौते/ सहमति में न्यास प्रशासन को पत्र मिलने के बाद लिखित में देवे ताकि प्रशासन उस पर आगामी कार्यवाही तेजी से कर सके ।






सहमति से समर्पण करने का बसंती चौक क्षेत्र का इतिहास रहा है ।इस क्षेत्र में कृषि पंडित बलवंत सिह के परिवार , हरदीप सिह जिलेदार परिवार, गेद र परिवार , भाम्भू परिवार , जोरा परिवार ने मास्टर प्लान की जस्सा सिह मार्ग और सहयोग मार्ग के लिए करोड़ो रुपये की कृषि भूमि का निःशुल्क समर्पण किया है जिससे मास्टर प्लान के मिनी बाईपास जस्सा सिह मार्ग और सहयोग मार्ग कों धरातल पर उतारा जा चुका है

# डाक सेवा जन सेवा कार्यक्रम आयोजित




जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** मीनाक्षी सेतिया अरोड़वंश गर्ल्स पीजी कॉलेज तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वाधान से डाक सेवा जन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ मीनल कोचर ने बताया कि वॉलिंटियर्स ने इसके अंतर्गत अधीक्षक डाकघर कार्यालय का भ्रमण किया, जिसका मुख्य उद्देश्य वॉलिंटियर्स को आज के समय में डाकघर, डाक सेवा , इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के बारे में जागरूकता लाना था। एनएसएस प्रभारी प्रो. दीपक प्रजापत तथा कार्यक्रम प्रभारी प्रो. ममता सचदेवा द्वारा वॉलिंटियर्स को डाकघर हेड ऑफिस का भ्रमण करवाया गया। जिसमें वॉलिंटियर्स ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। वॉलिंटियर्स डाकघर अधिकारियों से कार्य प्रक्रिया, बचत बैंक, डाक सेवा के लाभ तथा संचार का सस्ता साधन के बारे में जानकारी से लाभान्वित हुए।

# डॉ. बीआर अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में क्विज प्रति. आयोजित

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** डॉ. बीआर अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय, श्रीगंगानगर के रसायन शास्त्र विभाग की केमिस्ट्री एसोसिएशन द्वारा आज क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस क्विज प्रतियोगिता में एमएससी प्रथम व तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। प्रतियोगिता में रसायन शास्त्र के विभिन्न विषय स्पेक्ट्रोस्कॉपी, विद्युत रसायन, मेडिसिन केमिस्ट्री, पर्यावरण रसायन, सामान्य रसायन, ठोस अवस्था, रेडियो केमिस्ट्री, आवर्त सारणी, और अकार्बनिक रसायन आदि विषयों से संबंधित प्रश्नों को तीन राउंड में विभाजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने पूर्ण उत्साह से भागीदारी की। प्रतियोगिता आयोजन में रसायन शास्त्र विभाग के डॉण् रिंकू चावला, देवेंद्र सिंह, निशा कुमारी व रवि की विशेष भूमिका रही। हरीश कुमार, धीरज वर्मा, अनीशा, रामवीर, प्रियंका व घनश्याम की टीम विजेता रही। अंजू, योगेश, कंचन, रिया, मारूफ खान व स्वदेश की टीम उप विजेता रही। विजेता व उपविजेता टीम को विभाग द्वारा सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के अंत में विद्यार्थियों ने इस आयोजन के लिए अध्यापक मंडल का धन्यवाद किया। डॉण् रिंकू चावला व देवेंद्र सिंह ने ऐसी प्रतियोगिताओं का महत्व बताते हुए विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने हेतु प्रेरित किया। केमिस्ट्री एसोसिएशन द्वारा अगले सप्ताह विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए ले जाया जाएगा।




# शिवाजी नगर प्रथम मे श्याम बाबा का जागरण आज

जनमार्ग न्यूज




**श्रीगंगानगर।** सिद्ध श्री खाटू श्याम धाम मन्दिर सुदामानगर भजन मंडल करेगा बाबा श्याम का गुणगान। श्री श्याम मित्र मंडली के तत्त्वधाम मे बुधवार को रात्रि 8.15 बजे से शिवा जी नगर प्रथम, 45 फीट रोड़, गली न 10,3 ई छोटी मे बाबा श्याम का विशाल जागरण आयोजित करवा रहा है। लक्की गोयल, प्रेम यादव, युवराज वशिष्ठ, गणेश सिंह रोथान के अनुसार इस आयोजन मे सिद्ध श्री खाटू श्याम धाम मन्दिर सुदामानगर भजन मंडल बाबा श्याम का गुणगान करेगी। इसके लिए समस्त नागरिको को आमंत्रित किया गया है। यह जागरण प्रभु इच्छा तक जारी रहेगा।

# राष्ट्रीय कला मंदिर द्वारा याद-ए-जगजीत कार्यक्रम 9 को

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर में जन्मे-पले, मशहूर गजल गायक पद्मविभूषण जगजीतसिंह के जन्मदिवस पर राष्ट्रीय कला मंदिर द्वारा 9 फरवरी को संगीतमयी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय कला मंदिर के अध्यक्ष वीरेंद्र बैद ने बताया कि याद-ए-जगजीत नाम से इस कार्यक्रम का आयोजन 9 फरवरी की शाम 6ः31 बजे बाबा रामदेव मंदिर के सामने रोहित उद्योग परिसर में स्थित चौधरी रामजस कला सदन (ऑडिटोरियम) में होगा।मुख्य अतिथि समाजसेवी संजीव लोहिया और लक्ष्मी सीड्स वाले सत्यप्रकाश खेमका होंगे। राष्ट्रीय कला मंदिर के मीडिया प्रभारी राकेश मोंगा ने बताया कि कार्यक्रम में अनेक गायक कलाकार वाद्य यंत्रों की संगत में जगजीतसिंह द्वारा गाई गजलों, गीतों, नज्मों और भजनों की प्रस्तुति देंगे। उल्लेखनीय है कि जगजीत सिंह ने राष्ट्रीय कला मंदिर के सहयोग तथा तत्वावधान में ही गायकी के सफर की शुरुआत की थी और फिर आसमान की बुलंदियों को छुआ।उन्होंने जगजीतसिंह के अधिक से अधिक प्रशंसकों और गीत संगीत प्रेमियों से इस कार्यक्रम में पंहुचने का आग्रह किया है।



# सड़क ऊंचा करने गए अधिकारियों का मौहल्लावासियों ने विरोध किया

## नाली का पानी सड़क पर आने से हो रही थी परेशानी

जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** आदर्श कॉलोनी में ब्लॉसम स्कूल के आगे वाली सड़क नीचे होने के कारण नाली का पानी सड़क पर आने से हो रही परेशानी का समाधान करने के लिए सड़क ऊंचा करने के लिए अधिकारी मौके पर पहुंचे तो मोहल्ले वालों ने सड़क ऊंचा करने का विरोध किया।



कनिष्ठ अभियंता सुरेंद्र प्रताप सिंह, कनिष्ठ अभियंता संदीप कालवा ने ब्लॉसम स्कूल के आगे वाली सड़क पर पानी भरने की समस्या का समाधान करने के लिए ठेकेदार को लेकर मौके पर पहुंचे और इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य शुरू करने और नाली को ठीक करने के आदेश दिए तो मोहल्ले के लोगों ने सड़क को ऊंचा करने का विरोध करते हुए कहा इससे हमारे घरों में पानी भर जाएगा।

कनिष्ठ अभियंता सुरेंद्र प्रताप सिंह ने लोगों के विरोध और सड़क पर पानी भरने की समस्या को देखते हुए नाली को ऊंचा करने का निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश दिए ताकि नाली का पानी सड़क पर इकट्ठा होने से लोगों को हो रही समस्या से छुटकारा मिल सके।

# बाबा रामदेव मंदिर में जागरण आज और मेला भरेगा कल

जनमार्ग न्यूज

**चूनावढ़।** स्थानीय कस्बे के शिक्षित प्राचीन बाबा रामदेव जी महाराज के मंदिर में गुरुवार रात्रि को बाबा रामदेव जी महाराज का जागरण होगा और अगले दिन बाबा रामदेव का मेला भरेगा इस मेले में क्षेत्र के आस पास के दर्जनों गांव के श्रद्धालु बाबा के दरबार में आकर धोक लगाएंगे मेला प्रांगण में, प्रसाद की दुकानें व बच्चों के खेल खिलौने एवं मिठाई की दुकानें सजेंगी मंदिर के पुजारी माडू राम ने बताया कि इस मेला के अवसर पर बाबा रामदेव मेला धाम चुनावढ के समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से लंगर में चाय ,पानी, छोले पूरी, खीर, देसी घी की जलेबी व बूंदी का प्रसाद निशुल्क वितरण किया जाएगा रात्रि जागरण में लोक गायक गंगाराम 41 पीएस रायसिंह नगर बाबा का गुणगान करेंगे।



# पेंशन शुरू करवाने व बकाया पेंशन का भुगतान करवाने की मांग

**हनुमानगढ़ (जनमार्ग न्यूज)।** पेंशन शुरू कराकर गत दो वर्ष की बकाया पेंशन का भुगतान करवाने की मांग को लेकर मंगलवार पीड़ित के साथ कामरेड रामकुमार चंदेल ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया है कि महेंद्र सिंह पुत्र हरी सिंह, उम्र 73 वर्ष निवासी भभूता जी के मन्दिर के पास, वार्ड नं 02, रावतसर तहसील व जिला रावतसर का निवासी है। महेन्द्र सिंह एक वरिष्ठ पेन्शनधारी व्यक्ति है जिसकी पिछले करीब 2 साल से पेशन राशि खाता में नहीं डाली गई है जबकि महेन्द्र सिंह द्वारा नियमित समय पर अपना भौतिक सत्यापन भी करवाया जा चुका है और दो सालों से विभागों के चक्कर लगा रहा है परंतु कोई कार्यवाही नहीं हुई । अब महेन्द्र सिंह को पता लगा कि विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा गलती व लापरवाही से मृत होना दर्ज कर पेन्शन बन्द कर दी जबकि महेन्द्र सिंह जीवित है तथा अपने पेन्शन राशि की प्राप्ति के लिए बार-बार चक्कर लगा रहा हैं। महेन्द्र सिंह को अंतिम पेन्शन राशि 18 मार्च 2023 को प्राप्त हुई थी।ज्ञापन में महेन्द्र सिंह को पिछले 2 वर्षो की बकाया पेन्शन का भुगतान करवाने एवं उक्त मामले के दोषियों के विरूद्ध विभागीय कानूनी कार्यवाही करवाए जाने की मांग की गयी है



गुलियन-बैरी सिंड्रोम या जीबीएस एक न्यूरोलॉजिकल बीमारी है, जिससे महाराष्ट्र में कई लोग संक्रमित हो चुके हैं। इस बीमारी के होने के कारण, इसके लक्षण, इलाज और जरूरी सावधानियों के बारे में एक्सपर्ट डॉक्टर के बहुत यूजफुल सजेशंस यहां दिए जा रहे हैं।

# गुलियन-बैरी सिंड्रोम बचाव के लिए सावधानी है जरूरी

पिछले कुछ दिनों में महाराष्ट्र में गुलियन बैरी सिंड्रोम के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। खासतौर पर पुणे में इसके कई मामले सामने आए हैं। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक इसके संक्रमण से सात लोगों की संदिग्ध मृत्यु हो चुकी है और 160 से अधिक लोग इससे बीमार हो चुके हैं। इन वजहों से इसको लेकर लोगों के मन में भय व्याप्त है। ऐसे में बिना डरे हुए आपको गुलियन बैरी सिंड्रोम के बारे में जानना-समझना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि इससे बचाव के लिए गुलियन बैरी सिंड्रोम के लक्षणों पर ध्यान देना और समय रहते अस्पताल पहुंचना बहुत जरूरी है।



### क्या है जीबीएस

गुलियन-बैरी सिंड्रोम या जीबीएस एक गंभीर न्यूरोलॉजिकल बीमारी है, जिसमें नसों में



सूजन आने लगती है। यह बीमारी तब होती है, जब हमारा इम्यून सिस्टम नसों के ऊपर हमला करना शुरू कर देता है। इसमें कुछ समय बाद नसों में सूजन आने लगती है और शरीर के अन्य अंगों में कमजोरी के साथ दर्द भी होने लगता है। इसलिए आपको गुलियन-बैरी सिंड्रोम के लक्षणों पर ध्यान देना बहुत आवश्यक है और जरा भी संदेह होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

### लक्षणों पर रखें नजर

गुलियन-बैरी सिंड्रोम के लक्षणों की बात करें तो सबसे पहले हाथों और पैरों में कमजोरी आनी शुरू हो जाती है। हाथ और पैर सुन्न होने लगते हैं। हाथ-पैर को हिलाने में दिक्कत आने लगती है और यह कमजोरी तेजी से शरीर के अन्य अंगों में भी फैलती है। इसके अलावा रीढ़ की हड्डी में कमजोरी, छाती की मांसपेशियों में कमजोरी, सांस लेने में परेशानी होना, जैसे लक्षण दिखने लगते हैं। इसकी वजह से मरीज को पैरालिसिस यानी लकवा भी हो सकता है। इस बीमारी में कई बार मरीज को हाई बीपी या फिर हार्ट अटैक तक आने की आशंका रहती है, जो घातक हो सकती है। इसलिए समय रहते लक्षणों पर ध्यान देना बहुत आवश्यक है।

### पॉसिबल ट्रीटमेंट

यह हमारी इम्यून सिस्टम से जुड़ी बीमारी है, इसलिए इसका कोई निश्चित इलाज नहीं है। लेकिन डॉक्टर दो तरह की थेरेपी से मरीज का इलाज करते हैं। इन दो तरह की थेरेपीज में प्लास्मफेरेसिस और आई.वी.आई.जी.आई थेरेपी के माध्यम से मरीज का इलाज किया जाता है। कुछ मामलों में प्लाजमा थेरेपी और इम्यूनोग्लोबिन थेरेपी की मदद से भी बीमारी पर नियंत्रण प्राप्त करने का प्रयास किया जाता है। इसलिए लक्षणों पर ध्यान देकर तुरंत अस्पताल पहुंचना बहुत जरूरी है और आपको कुछ सावधानियां भी बरतनी जरूरी हैं। तभी इससे बचाव संभव है।

### बरतें ये सावधानियां

- सबसे पहले तो आप जीबीएस के प्रमुख लक्षणों पर अवश्य ध्यान दें यदि शरीर की मांसपेशियों में कमजोरी लग रही है, झुनझुनी या सुन्नता महसूस होती है, तो इसमें जरा भी लापरवाही ना बरतें और तुरंत अस्पताल पहुंचे या फिर नजदीकी डॉक्टर से संपर्क करें।



- साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें, हमेशा स्वच्छ पानी पिएं, जिन स्थानों पर यह संक्रमण फैला है, वहां से दूरी बनाएं।
- भोजन करने से पहले हाथों को अच्छी तरह से धो लें और सैनिटाइजर का इस्तेमाल करें। *

---

वॉकिंग के बारे में तो हम सब जानते हैं। अपनी फिटनेस को लेकर कॉन्शस लोग अपने वर्कआउट रूटीन में वॉकिंग को शामिल भी जरूर करते हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि इससे मिलती-जुलती एक एक्सरसाइज रकिंग, वॉकिंग से काफी अधिक फायदेमंद होती है? हम आपको बता रहे हैं, क्या होती है रकिंग, इससे होने वाले फायदे और इसे करते समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में।

# परफेक्ट-फिट बॉडी के लिए डेली करिए रकिंग

राजन अभी 40 प्लस का हुआ भी नहीं था कि उसने महसूस किया कि आजकल उसके पैरों में हल्की सूजन रहने लगी है। शरीर में हर वक्त थकान सी रहती है, थोड़ा सा चलते-फिरते ही सांस फूलने लगती है और धड़कन तेज हो जाती है। एक दिन अचानक वह चलते-चलते घर में ही गिर पड़ा। अस्पताल में चेकअप के दौरान पता चला कि उसे कंजेस्टिव हार्ट फेल्योर हुआ था। डॉक्टर ने इलाज के दौरान बताया कि उसे अपने जीवनशैली में परिवर्तन, शारीरिक सक्रियता और एक्सरसाइज के साथ-साथ डाइट में भी परिवर्तन करना होगा। बाद में फिटनेस एक्सपर्ट ने उसे अपनी कार्डियोवैस्कुलर हेल्थ, बोन डेंसिटी मेंटेन करने, मसल्स की इलास्टिसिटी और स्ट्रेंथ के लिए रकिंग यानी बैक-पैक वॉकिंग करने की सलाह दी। इससे उसे काफी फायदा हुआ। फिजिकल एक्टिविटी और वेट लिफ्टिंग की प्रैक्टिस ने न केवल उसका बॉडी वेट सही मेंटेन किया बल्कि कंजेस्टिव हार्ट फेल्योर की कंडीशन को बहुत हद तक रिवर्स भी किया। इतना ही नहीं अब उसे मेंटल स्ट्रेंथ भी महसूस होती है।







### क्या होती है रकिंग

रकिंग की शुरुआत आर्मी ट्रेनिंग से हुई है, जिसमें 'रक' या 'रकसैक' शब्द का अर्थ है बैक-पैक। प्रथम विश्व युद्ध से पहले, सैनिक अपना सारा सामान और कपड़े, डंडों से बने बंडलों में ढोते थे। 20वीं सदी की शुरुआत में, सैनिकों ने रकसैक में अपनी पीठ पर सामान ढोने का प्रशिक्षण लिया। अब इसी की तर्ज पर रकिंग इन दिनों ट्रेंड में है। फिटनेस एक्सपर्ट्स के साथ-साथ वेलनेस गुरु भी इसे सजेस्ट कर रहे हैं क्योंकि यह फिजिकल के साथ मेंटल हेल्थ को भी फायदा पहुंचाती है। इसमें आपको पीठ पर बैग लादकर वॉक करना होता है।

### ईजी होती है एक्सरसाइज

बैक-पैक वॉकिंग यानी रकिंग कोई टफ एक्सरसाइज नहीं होती है। आप वॉक कर सकते हैं तो आप रक भी कर सकते हैं। सबसे अच्छी बात यह है कि आप अपनी लाइफ में डेली रुटीन को बाधित किए बिना रकिंग कर सकते हैं। इसमें केवल आपको अपना सामान भरा बैक-पैक लेकर वॉक करना है। आप अपने बैक-पैक के साथ ग्रॉसरी स्टोर जाएं या सब्जी लेने जाएं या फिर अपने ऑफिस जा सकते हैं।

### रकिंग के फायदे हैं कई

अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ विस्कांसीन मिलवॉकी में रिहैबिलिटेशन साइंसेज की प्रोफेसर जेनिफर अर्ल बोयम कहती हैं, 'रकिंग से आपकी स्ट्रेंथ और स्टेमिना बढ़ती है। मस्कुलर इलास्टिसिटी और मजबूती भी बढ़ती है। इससे आपकी आउटडोर फिजिकल एक्टिविटी तो होती ही है, ब्रेन एक्टिविटी भी बढ़ती है। यह मेंटल हेल्थ, स्लीप और ब्लड प्रेशर के लिए भी फायदेमंद है। इस एक्सरसाइज के लिए न तो आपको अलग से कोई उपकरण खरीदना है न कोई एक्स्ट्रा खर्च करना होता है।'

### धीरे-धीरे बढ़ाएं बैक-पैक का वेट

रकिंग करने के लिए आप घर से कोई भी सामान अपने बैक-पैक में रख सकते हैं। यह सामान किताबें, पानी की बोतल आपका लैपटॉप कुछ भी हो सकता है या फिर ग्रॉसरी स्टोर से खरीदा गया सामान भी हो सकता है। हां, इसका वजन इतना ही हो जितना आप आसानी से उठा पाएं। धीरे-धीरे अभ्यास के मुताबिक आप इस वजन को बढ़ा भी सकते हैं।



### इंप्रूव होता है बॉडी पोश्चर

फिजिकल थेरेपिस्ट लारा हेइमैन कहती हैं कि रकिंग से आपके पॉश्चर, बॉडी बैलेंस और स्टेबिलिटी में भी सुधार होता है। रकिंग आपकी पीठ को मजबूत बनाती है, जिससे आपको थोड़ा सीधा खड़े होने में भी मदद मिल सकती है। जब आप बैक-पैक पहनते हैं, तो आपकी ऊपरी ट्रेपेजियस मांसपेशियों, कंधों और ऊपरी पीठ की मांसपेशियों को सक्रिय होना पड़ता है। यह उन लोगों के लिए वास्तव में मददगार हो सकता है, जिनकी ऊपरी पीठ की मांसपेशियां कमजोर हैं और पॉश्चर खराब है। अगर आप डेस्क जॉब करते हैं तो आपको रकिंग के लाभ बहुत जल्दी दिखने लगेंगे। आपकी पीठ पर बंधा हुआ सारा वजन सिर्फ आपके ऊपरी शरीर को एक्टिव नहीं करता, यह आपके पैरों और कोर को भी एक्टिव कर देता है। जब आपकी पीठ पर वजन पड़ता है तो यह आपके कोर को भी सक्रिय करते हैं, जो आपके शरीर को स्थिर करने का काम करता है, जिससे यह पूरे शरीर की कसरत बन जाती है। *

### बरतें सावधानियां

रकिंग करने वालों को लारा हेइमैन सुझाव देती हैं कि सबसे पहले आप इस बारे में सोचें कि आप बिना वजन के कितनी देर तक चल सकते हैं? अपने रक्स के लिए उस समय को आधा कर दें। उदाहरण के लिए, अगर आप आराम से 30 मिनट तक चल सकते हैं तो 15 मिनट के लिए रक्स करने का प्रयास करें। हेइमैन कहती हैं कि जैसे-जैसे आपकी भुजाओं, कंधों, कूल्हों और पीठ की मांसपेशियां मजबूत होती जाएंगी। इससे आप धीरे-धीरे अपने रक्स का भार, दूरी और ऊंचाई बढ़ा सकते हैं। हेइमैन एक ऐसा बैग चुनने की सलाह देती हैं, जिसमें छाती और कमर दोनों के लिए पट्टा यानी स्ट्रैप हो ताकि बैग का वजन आपके ऊपरी शरीर पर समान रूप से पड़े। यह एक लाइफ जैकेट की तरह फिट होना चाहिए।



---

# पाचन रखे दुरुस्त इसबगोल की भूसी

इसबगोल या साइलियम हस्क एक प्राकृतिक औषधि है, जो प्लांटागो ओवाटा नामक पौधे के बीज से हासिल होती है। इस बीज का बाहरी हिस्सा जिसे भूसी कहते हैं, दरअसल यही इसबगोल की भूसी होती है, जिसे आमतौर पर पेट की विभिन्न समस्याओं के लिए इस्तेमाल किया जाता है। यह भूसी फाइबर का बहुत समृद्ध स्रोत होती है। इसबगोल का उपयोग पाचन से संबंधित समस्याओं के लिए भारत में हजारों साल से हो रहा है। इसबगोल को आयुर्वेदिक और प्राकृतिक चिकित्सा में चमत्कारिक जड़ी के रूप में जाना जाता है। आयुर्वेदिक ग्रंथों में भी इसका उल्लेख मिलता है। भारत में इसबगोल का इस्तेमाल सदियों से होता रहा है और प्राचीनकाल से ही इसबगोल की दुनिया के दूसरे देशों में भी काफी मांग रही है, इसलिए राजस्थान, गुजरात और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में बड़े पैमाने पर इसकी खेती होती है। भारत इसबगोल का दुनिया का सबसे बड़ा निर्यातक है। यह एक



तरह की घुलनशील फाइबर है, जो आंतों, हृदय और समूचे पेट के स्वास्थ्य के लिए रामबाण मानी जाती है। इसबगोल की भूसी को पावडर, दानों या कैप्सूल के रूप में भी लिया जा सकता है।

**सेवन से होने वाले फायदे:** इसबगोल विशेषकर अपने भरपूर फाइबर और पाचन सुधारक गुणों के कारण पूरी दुनिया में मशहूर है।

- यह कब्ज, दस्त और गैस की समस्या को दूर करती है।
- यह ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित करती है।
- बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करती है और गुड कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाती है।
- दिल के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है।
- यह एसिडिटी से बचाती है।
- यह आंतों की दीवारों को मजबूत करती है। साथ ही यह इरिटेबल बाउल सिंड्रोम के लक्षणों को कम करती है।
- यह पानी को सोख लेती है, जिससे मल नरम हो जाता है और पेट साफ रहता है।
- यह हल्का और ठंडक प्रदान करने वाला है, साथ ही यह पित्त, वात और कफ के असंतुलन को ठीक करता है। *

---

क्या आपको पता है सोने का सही ढंग क्या है? किन मुद्राओं में सोना स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता है? जमीन में सोना सही होता है या पलंग पर? इनके जवाब जानकर आप सोने का सही तरीका जान लेंगे और इससे स्वस्थ रहेंगे।

# स्वास्थ्य को सुधारता है सोने का सही तरीका

सोने के सही तरीके से भी स्वस्थ रहा जा सकता है? क्या सही तरीके से सोना अच्छे स्वास्थ्य की गारंटी है? इन दोनों सवालों का जवाब है, हां। विशेषज्ञ कहते हैं कि अच्छी नींद लेना स्वस्थ रहने का विज्ञान है।

**सही ढंग से सोने के फायदे:** विशेषज्ञ सोने के तौर तरीकों पर लंबी जांच पड़ताल के बाद इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि सोने का सही तरीका और आदतें न केवल हमारी नींद की गुणवत्ता बढ़ाती हैं बल्कि ये हमारे समग्र स्वास्थ्य पर भी गहरा असर डालती हैं। सही तरीके से सोना शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की गारंटी है। सही तरीके से सोने में ही वो सारी गतिविधियां सुचारु रूप से संपन्न होती हैं, जो हमारे सोते समय हमारा शरीर करता है। अगर हम सही तरीके से सोते हैं तो सही ढंग से हमारी मांसपेशियों की मरम्मत होती है। सही ढंग से रिकवरी होती है, सही ढंग से सोने पर हमारे शरीर की कोशिकाएं ज्यादा स्वस्थ और सक्रिय रहती हैं। इन सब बातों का समग्रता में हमारी सेहत पर सकारात्मक असर पड़ता है। इसलिए सही तरीके से सोना अच्छे स्वास्थ्य की गारंटी है।

**क्या है सोने का सही तरीका:** सोने की सही मुद्रा हमारी रीढ़ की हड्डी को प्राकृतिक अवस्था में बनाए रखती है, जो कि हमारे सेहतमंद रहने का एक बड़ा आधार होती है। रीढ़ की हड्डी अगर प्राकृतिक अवस्था में रहती है, तो इससे हमारा शरीर तनावमुक्त रहता है। सही ढंग से सोने के तरीके में इस बात का भी महत्व होता है कि हम जिन गद्दों और तकियों के साथ सोते हैं, वो कैसे हैं? सोने के लिए ऐसा गद्दा होना चाहिए, जो न ज्यादा सख्त हो और न ही बहुत मुलायम। साथ ही तकिया गर्दन और रीढ़ की सीध में होना चाहिए। अब जानते हैं सोने की सही मुद्राओं के बारे में।



**बाईं करवट सोना:** विशेषज्ञों का मानना है कि अगर हम बाईं करवट सोते हैं तो यह हमारे पाचनतंत्र के लिए बहुत लाभकारी होता है। इस मुद्रा में सोने से एसिडिटी कम होती है। रक्तप्रवाह में सुधार होता है। गर्भवती महिलाओं को तो विशेषकर बाईं करवट ही सोना चाहिए।

**दाईं करवट सोना:** सोने की यह भी मुद्रा आरामदायक है, लेकिन अगर लंबे समय तक दाईं करवट पर सोया जाए तो पेट और दिल के बीच दबाव बढ़ सकता है। इसलिए स्वास्थ्य विशेषज्ञ दाईं करवट सोने को सही नहीं मानते। जिन्हें दिल की बीमारी हो उन्हें तो खासतौर पर दाईं करवट सोने से बचना चाहिए।

**जमीन पर या पलंग पर:** जमीन पर सोना रीढ़ को सीधा रखने में मददगार होता है। यह शरीर को बेहतर समर्थन देता है। लेकिन इसमें एक समस्या रहती है, खासतौर पर सर्दियों में जमीन पर सोने से सर्दी लग जाती है और जोड़ों में दर्द जैसी समस्या पैदा हो जाती है। यदि लकड़ी का सख्त पलंग है तो सोने के लिए वह भी सही रहता है। बस सोने का सही गद्दा होना जरूरी है ताकि वह शरीर को सपोर्ट भी दे और आरामदायक भी रहे। अगर ये दोनों बातें हैं तो लकड़ी के पलंग पर सोना ही बेहतर विकल्प है।

**कैसे कपड़े पहन कर सोएं:** निश्चित रूप से आरामदायक और ढीले कपड़े पहन कर सोना चाहिए। यह बेहतर नींद और स्वास्थ्य के लिए अच्छा विकल्प है। यह भी ध्यान रखें कि रात में सूती कपड़े पहन कर ही सोएं। कपड़े बहुत फिट भी नहीं होने चाहिए। इससे त्वचा और रक्त प्रवाह में बाधा पड़ती है, जो कि हमारे स्वास्थ्य के लिए सही नहीं है। *

### पीठ के बल सोना

पीठ के बल सोने से रीढ़ और गर्दन सीधी रहती है। त्वचा पर झुर्रियां कम पड़ती हैं। लेकिन जिन्हें 'स्लीप एपनिया' की बीमारी हो, उन्हें इस मुद्रा में सोने से बचना चाहिए।



---

# मुहब्बत का जश्न है वेलेंटाइन वीक



फरवरी का महीना आ गया है और जल्द ही वेलेंटाइन वीक की शुरुआत होने वाली है। कपल्स प्यार के इस सप्ताह का साल भर बेसब्री से इंतजार करते हैं। उनके लिए वेलेंटाइन वीक किसी त्योहार से कम नहीं होता है। वैसे तो वेलेंटाइन डे 14 फरवरी को मनाया जाता है, लेकिन मुहब्बत का यह जश्न एक हफ्ते पहले यानी 7 फरवरी से ही शुरू हो जाता है। वेलेंटाइन वीक का हर एक दिन उस व्यक्ति के लिए खास होता है, जो रोमांटिक रिश्ते में है या फिर इसके लिए तैयार है। इसे वे रोमांटिक डेट पर जाकर, एक-दूसरे से प्यार का इजहार करके या सरप्राइज प्लान करके सेलिब्रेट करते हैं। इतालवी इतिहासकार जैकोबस डी वोरागिन की किताब 'गोल्डन लीजेंड् लाइव्स ऑफ द सेंट्स' के मुताबिक, वेलेंटाइन डे की शुरूआत 269 ईस्वी में रोम के राजा क्लॉडियस के समय में हुई थी। कहा जाता है कि उस वक्त रोम में सेंट वेलेंटाइन नाम के एक पादरी थे। वे दुनिया में प्यार को बढ़ावा देने में विश्वास रखते थे। जबकि रोम के राजा क्लॉडियस प्यार और शादी के सख्त खिलाफ थे। राजा के विरोध के बाद भी सेंट वेलेंटाइन ने रोम के लोगों को प्यार और शादी के लिए प्रेरित किया। इससे नाराज होकर राजा ने सेंट वेलेंटाइन को 14 फरवरी के दिन फांसी की सजा दी। इसी के बाद रोम में हर साल इस दिन को 'वेलेंटाइन डे' के रूप में सेलिब्रेट किया जाने लगा। धीरे-धीरे यह दिन पूरी दुनिया में मनाया जाने लगा। वेलेंटाइन वीक में हर एक दिन को अलग-अलग तरीके से सेलिब्रेट किया जाता है। इन दिनों को सेलिब्रेट करने का उद्देश्य अपने प्रिय को यह अहसास दिलाना है कि वह आपके लिए कितने स्पेशल हैं। वेलेंटाइन वीक की शुरुआत रोज डे से होती है। प्यार के जश्न की शुरुआत फूलों से करने से बेहतर तरीका और क्या हो सकता है। लाल गुलाब प्यार का प्रतीक माना जाता है, लेकिन इसके हर रंग का अपना अलग अर्थ होता है। लाल रंग प्यार का प्रतीक है, पीला दोस्ती का, गुलाबी तारीफ का और सफेद पवित्रता का। गुलाब का फूल या गुलदस्ता किसी के प्रति प्यार जताने का एक खूबसूरत तरीका है। इसे और भी स्पेशल बनाने के लिए आप अपने प्रिय को गुलाब के साथ एक प्यारा सा नोट लिखकर भी दे सकते हैं। प्रपोज डे वेलेंटाइन वीक का दूसरा दिन होता है। इस दिन लोग अपने क्रश से प्यार का इजहार करते हैं। इस दिन प्रपोज करने के लिए आप डिनर डेट प्लान कर सकते हैं और सही मौके पर उनसे अपने दिल की बात कह सकते हैं। चॉकलेट डे वेलेंटाइन वीक का तीसरा दिन है। इस दिन लोग अपने पार्टनर, क्रश या लव इंटरेस्ट को चॉकलेट गिफ्ट करते हैं। कुछ लोग हैंडमेड चॉकलेट भी तैयार करते हैं या अपने पार्टनर की पसंदीदा कैंडीज को तोहफे के रूप में देते हैं। यह वेलेंटाइन वीक का चौथा दिन है। इस दिन प्यार में पड़े लोग अपने प्रिय को प्यारे-प्यारे टॉयज या टेडी बियर से सरप्राइज करते हैं। एक प्यारा सा टेडी बियर क्रश को खुश कर सकता है। इसके अलावा यह तोहफा हमेशा प्यार की याद भी दिलाता रहता है। यह वेलेंटाइन वीक का पांचवा दिन है। प्रॉमिस डे पर लोग एक-दूसरे का ख्याल रखने, अपने रिश्ते को मजबूत करने, एक-दूसरे का हौसला बढ़ाने और हर मुश्किल में एक-दूसरे साथ देने का वादा करते हैं। यह कमिटमेंट अपने प्रिय के प्रति प्यार जताने का एक शानदार तरीका भी है। ये वेलेंटाइन वीक का छठा दिन है। हग करने का मतलब गले लगना है। ये एक सुकून देने वाला जेस्चर है। हग डे पर प्यार में डूबे लोग एक-दूसरे को गले लगाते हैं। इसमें तनाव कम करने, खुशी बढ़ाने और संबंधों को मजबूत करने की शक्ति होती है। गले लगने से अपनेपन और सुरक्षा की भावना बढ़ती है। किस डे वेलेंटाइन डे से एक दिन पहले मनाया जाता है। ये वीक का सबसे रोमांटिक दिन है। इस दिन प्यार में पड़े लोग अपने प्रिय को किस करके अपना प्यार जाहिर करते हैं और रिश्ते को मजबूत बनाते हैं। वेलेंटाइन डे इस वीक का आखिरी दिन होता है। यह प्यार का जश्न मनाने का दिन है। इस खास दिन को कपल डेट पर जाकर, एक-दूसरे को तोहफे देकर, साथ में क्वालिटी टाइम बिताकर या सरप्राइज देकर सेलिब्रेट करते हैं।

# सर्व समाज ने किया विधायक के खिलाफ प्रदर्शन, जिला कलक्टरेट पर डाला पड़ाव

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** कुछ दिन पहले हनुमानगढ़ विधायक द्वारा जाट समाज पर मूल ओबीसी का हक खाने का बयान दिया था जिससे सर्व समाज में आक्रोश पैदा हो गया है। जिले में साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के आरोप में सर्व समाज ने जिला कलेक्टरेट पर जबरदस्त प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में विभिन्न समाजों के लोगों ने एकजुट होकर विधायक का विरोध किया और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि विधायक हनुमानगढ़ की शांति भंग करने का प्रयास कर रहे हैं और उनके विवादित बयानों एवं गतिविधियों से शहर का भाईचारा खतरे में पड़ सकता है।

सभा को संबोधित करते हुए विभिन्न वक्ताओं ने विधायक पर गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना था कि हनुमानगढ़ का सामाजिक ताना-बाना बेहद मजबूत है, लेकिन विधायक के कथित प्रयास इसे नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि विधायक के खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज किया जाए, अन्यथा आंदोलन और तेज किया जाएगा।



प्रदर्शन के दौरान सर्व समाज के प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर सहित अन्य उच्च अधिकारियों से मुलाकात की। वार्ता के दौरान प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांग दोहराई और विधायक पर मुकदमा दर्ज करने की मांग रखी। इस पर जिला कलेक्टर ने आश्वासन दिया कि कानून के दायरे में रहकर उचित कार्रवाई की जाएगी और मामले की निष्पक्ष जांच करवाई जाएगी।

हालांकि, प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जब तक विधायक पर कानूनी कार्रवाई नहीं होती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। कलेक्टरेट परिसर के बाहर प्रदर्शनकारियों ने पड़ाव डाल दिया और स्पष्ट कर दिया कि वे अपने संघर्ष से पीछे नहीं हटेंगे।सर्व समाज के प्रतिनिधियों ने सभा को संबोधित करते हुए विधायक पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि जब से विधायक विधानसभा पहुंचे हैं, तब से हनुमानगढ़ के विकास पर रोक लग गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि विधायक जिले की छवि धूमिल करने का काम कर रहे हैं और उनके नेतृत्व में प्रशासनिक तंत्र भी सुस्त हो गया है। सर्व समाज के प्रतिनिधियों ने प्रशासन को 7 दिनों का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी कि यदि इस अवधि के भीतर विधायक के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं किया गया, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जाट समाज सहित सभी समाज इस मुद्दे पर एकजुट हैं और यदि प्रशासन ने उचित कार्रवाई नहीं की, तो आगे की रणनीति बनाई जाएगी।

प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट कर दिया कि जब तक विधायक पर मुकदमा दर्ज नहीं होता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। यदि प्रशासन ने 7 दिनों के भीतर कोई कार्रवाई नहीं की, तो सर्व समाज अगले चरण की रणनीति तय करेगा और आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

जिला जाट समाज समिति अध्यक्ष इंदरपाल रणवा ने सर्व समाज के सदस्यों का भाईचारा बनाये रखने और प्रदर्शन में भाग लेने पर धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस मौके पर चरणसिंह बराड़ पिलिबंगा ,जगदीश भाट हरिपूरा,नूरनबी भाटी रोड़ावाली ,सलीम खान चोहिलावाली ,रामजस बुरड़क रावतसर ,मदन नायक रणजीतपूरा ,रामप्रताप गोदारा नूकेरा ,बलबीर बिश्नोई मेनावाली , इन्द्रपाल रणवां हनुमानगढ़ ,विनोद लूहार हनुमानगढ़ टाउन , जसपाल सिंह सेहजीपूरा ,धर्मपाल सियाग पल्लू ,मुकेश जाखड़ जांगड़ा वाली ,सुधीर बलियारा सतिपूरा , देवेंद्र मील हनुमानगढ़ ,रमेश भांभू भांभूवाली ,विकास भांभू भांभूवाली ,प्रदीप ऐरी हनुमानगढ़ टाउन ,आशीष पारीक हनुमानगढ़ ,मनप्रीत भाखड़ा चेयरमैन मक्कासर ,नत्थू राम भाट मुंडा ,दर्शन गिल गुरुशर ,राजेश खां सरपंच गाहडू ,लखविर बनवाला मौजूद थे।

# सात दिवसीय श्री राम कथा के उपलक्ष में कलश यात्रा निकाली

जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** दिव्या ज्योति जागृती संस्थान की तरफ से आयोजित सात दिवसीय श्री राम कथा के उपलक्ष में भव्य कलश यात्रा निकाली। शुभ मंगल कलश यात्रा का आयोजन बिश्नोई मंदिर से किया गया, कलश यात्रा का उद्देश्य जन जन तक भव्य व दिव्य कथा का संदेश पहुंचाना व और कथा में आने का आवाह्न करना रहा ताकि हमारे शास्त्र ग्रंथो में निहित आध्यात्मिक रत्नों के महत्व को जान पाए। सात दिवसीय आध्यात्मिक कथा के अंतर्गत गुरुदेव आशुतोष महाराज संस्थापक एवं संचालक दिव्या ज्योति जागृती संस्थान की शिष्या कथा व्यास साध्वी जयंती भारती द्वारा जीवन के अनेक प्रेरक सूत्र दिए जाएंगे । कलश यात्रा में सेवादारो व अनुयायियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया सभी ने श्री राम कथा के भजन सहित आत्म जागृति से विश्व शांति के बुलंद उद्घोष लगाए, कलश यात्रा के माध्यम से ब्रह्म ज्ञान की वर्तमान समय में प्रासंगिकता उभर कर सामने आई यात्रा के दौरान भारी संख्या में शिष्यों ने गंगाजल से भरे कलशो को शीश पर धारण किया, मंगल कलश यात्रा बिश्नोई मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए कथा स्थल पर पहुंची। कलश यात्रा में पर्यावरण के संरक्षण के लिए भी जागरूक किया गया। मुख्य यजमान नगर पालिका अधिशासी अधिकारी पूजा शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर कलश यात्रा को रवाना किया । कलश यात्रा में पूर्व पालिका अध्यक्ष काजल छाबड़ा, विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष सीताराम प्रजापत, हनुमान खेजड़ी प्रबंध समिति के अध्यक्ष नरेंद्र राठी, शिक्षाविद डॉक्टर सचिन जेतली, बिश्नोई समाज के अध्यक्ष रामनाथ बिश्नोई, पूर्व अध्यक्ष भागीरथ कड़वासरा, डॉक्टर घनश्याम शर्मा सहित शहर के प्रबुद्ध लोग मौजूद रहे। कलश यात्रा के दौरान शहर के हर चौक चौराहे पर सैकड़ो लोगों ने जगह जगह फूलों की वर्षा करके भव्य स्वागत करके कलश यात्रा में शामिल लोगों को जलपान के माध्यम से प्रसाद वितरण किया गया।




# डीएवी फेस्ट 2025 का आयोजन कल से

**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** डीएवी फेस्ट 2025 का आयोजन शुक्रवार 7 फरवरी से रविवार 9 फरवरी तक किया जा रहा है। आयोजन समिति की अध्यक्ष डॉ. मीनू पूनिया, प्राचार्य डीएवी कॉलेज ने बताया कि 7 फरवरी को फेस्ट की पूर्व संध्या पर विभिन्न अन्तर विभागीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसमें मुख्य अतिथि श्री जसवंत सिंह गोदारा, सदस्य महर्षि दयानन्द शिक्षा समिति होंगे। 7 फरवरी को आयोजित होने वाले कार्यक्रम निम्न प्रकार होंगे। रंगोली प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, विभिन्न खेल प्रतियोगिता, आईटी क्विज, बिजनेस क्विज, ह्यूमैनिटीज क्विज, साइंस क्विज, आदि। 8 फरवरी को फेस्ट के उद्घाटन समारोह में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसमें मुख्य अतिथि डॉ. मंजू ढ्ढस्, जिला कलेक्टर श्रीगंगानगर, विशिष्ट अतिथि श्री बी आदित्य ढ्ढक्क्, सी ओ सिटी, श्रीगंगानगर होंगे । कार्यक्रम की अध्यक्षता चौ. संतोष कुमार सहारण प्रधान महर्षि दयानन्द शिक्षा समिति, पूर्व विधायक सादुलशहर करेंगे। 8 फरवरी को आयोजित होने वाले कार्यक्रम निम्न प्रकार होंगे खेल पुरस्कार वितरण समारोह, कला प्रदर्शनी का उद्घाटन, विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन, मेंहदी प्रतियोगिता, गायन प्रतियोगिता, डांस प्रतियोगिता, विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि। 9 फरवरी को फेस्ट के समापन समारोह में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसमें मुख्य अतिथि श्री सुभाष चौधरी, एडीएम श्रीगंगानगर, विशिष्ट अतिथि श्री रंजीत कुमार, एसडीएम श्रीगंगानगर होंगे । कार्यक्रम की अध्यक्षता चौ. संतोष कुमार सहारण प्रधान महर्षि दयानन्द शिक्षा समिति, पूर्व विधायक सादुलशहर करेंगे। 9 फरवरी को आयोजित होने वाले कार्यक्रम निम्न प्रकार होंगे अकादमिक पुरस्कार वितरण समारोह तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि आयोजित किए जाएंगे। इस आयोजन के संयोजक डॉ राजेश्वर गोदारा, सह संयोजक श्रीमती अंजलि सिंह तथा समन्वयक डॉ. जसप्रीत सिंह होंगे।

# धर्म ध्वजा पद यात्रा का पुष्पवर्षा कर किया भव्य स्वागत

## श्रद्धालुओं को शीतल जल पिलाया तथा प्रसाद वितरित किया गया

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** मारवाड़ी युवा मंच, श्रीगंगानगर द्वारा पुरानी आबादी स्थित सिद्धपीठ श्रीझांकीवाले बालाजी मंदिर के आयो उत्सव म्हारै बाबे को... 5 दिवसीय अखण्ड रामनाम संकीर्तन एवं स्वर्णिम महोत्सव के उपलक्ष्य में बृहस्पतिवार सुबह निकाली गई धर्म ध्वजा पद यात्रा का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। अध्यक्ष विविध बिहाणी ने बताया कि अग्रसेन चौक से प्रारम्भ धर्म ध्वजा पद यात्रा के मीरा चौक पंजाब नैशनल बैंक के समीप पहुंचने पर मारवाड़ी युवा मंच पदाधिकारियों व सदस्यों ने श्रद्धाभाव से पुष्प वर्षा की तथा श्रद्धालुओं को शीतल जल पिलाया गया एवं बालाजी महाराज को लड्डुओं का भोग लगाकर भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर पदाधिकारियों व सदस्यों ने बालाजी महाराज की जय, जय श्रीराम, जय सियाराम के जयकारों से सारा वातावरण भक्तिमय कर दिया एवं बालाजी महाराज से सबके लिए सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर पूर्व राष्ट्रीय पदाधिकारी वेदप्रकाश लखोटिया, अध्यक्ष विविध बिहाणी, सचिव हिमांशु अग्रवाल, कोषाध्यक्ष शुभम अग्रवाल, गौरव मित्तल, राकेश गोयल, पूर्ण घोड़ेला एडवोकेट, शिव सिंघल सहित मारवाड़ी युवा मंच पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।



# बुंदेलखंड के दो हजार तालाबों को पुनर्जीवित करेगी सरकार

## केन-बेतवा के साथ ही चंदेलकालीन वाटर बॉडीज में रोका बारिश का पानी

जनमार्ग न्यूज

**भोपाल।** बुंदेलखंड के नाम के साथ ही सूखा ग्रस्त इलाका, पलायन और बेरोजगारी जैसी समस्याएं जुड़ी हुई हैं। पानी के संकट से जूझते इस पूरे इलाके को पानीदार बनाने के लिए देश की पहली नदी जोड़ो परियोजना केन-बेतवा रिवर लिंक प्रोजेक्ट की आधारशिला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो महीने पहले 25 दिसंबर को खजुराहो में किया था। इस नदी जोड़ो परियोजना के साथ ही बुंदेलखंड रीजन में दो हजार चंदेल कालीन तालाबों को पुनर्जीवित करने सरकार काम करेगी। चंदेल कालीन तालाबों को पुनर्जीवित करने में मप्र का पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, जल संरक्षण पर काम करने वाली सामाजिक संस्थाओं, और पब्लिक की मदद से काम करेगी। जल संरक्षण पर काम कर रही गैर सरकारी संस्थाओं ने ओरछा में वर्कशॉप आयोजित की। इस कार्यशाला में जल पुरुष राजेंद्र सिंह, मप्र के पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल और जल संरक्षण पर काम करने वाले संजय सिंह तमाम एक्सपर्ट्स ने मंथन किया। बुंदेलखंड मप्र और उप्र के 7-7 जिलों में बंटा हुआ है। इस इलाके में 9वीं से 16वीं शताब्दी तक चंदेलों का शासन रहा है। पानी की कमी से यह इलाका हमेशा जूझता रहा है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना में अनियमितताओं को लेकर ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** ग्राम पंचायत 22-23 एनडीआर के ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री आवास योजना में हो रही अनियमितताओं के खिलाफ पंचायत समिति विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम विकास अधिकारी और सरपंच द्वारा योजना की गाइडलाइन का सही पालन नहीं किया जा रहा है, जिससे कई पात्र परिवार लाभ से वंचित रह रहे हैं, जबकि अपात्र लोगों को इसका लाभ दिया जा रहा है। ज्ञापन में बताया गया कि पंचायत समिति हनुमानग? की ग्राम पंचायत 22-23 एनडीआर के चक 24, 27, 28 एनडीआर के निवासियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ सही तरीके से नहीं मिल रहा है। सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार, इस योजना के तहत केवल उन्हीं परिवारों को वित्तीय सहायता दी जानी चाहिए, जिनके पास कच्चे मकान हैं, जिनके घरों की छत पक्की नहीं है, जिनके नाम पर वाहन व कृषि भूमि नहीं है, तथा जिनके पास राज्य सरकार द्वारा जारी पट्टा प्रमाणित निवास हेतु उपलब्ध है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत 22-23 एनडीआर के ग्राम विकास अधिकारी और सरपंच मनमाने तरीके से अपात्र लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दे रहे हैं, जबकि कई जरूरतमंद परिवार अभी भी पक्के मकान की सहायता से वंचित हैं। ग्रामीणों ने मांग की कि सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार ही योजना का क्रियान्वयन किया जाए और अपात्र लोगों को दिए गए लाभ की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। ग्रामीण बलदेव सहित अन्य निवासियों ने पंचायत समिति विकास अधिकारी से अनुरोध किया कि ग्राम पंचायत 22-23 एनडीआर में इस योजना के तहत केवल पात्र परिवारों को ही लाभ दिलवाने के आदेश दिए जाएं और ग्राम विकास अधिकारी तथा सरपंच द्वारा की जा रही अनियमितताओं पर उचित कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गई, तो वे उच्च अधिकारियों से शिकायत करने के लिए बाध्य होंगे।



# 3000 कैपसूल, 100 टेबलेट व 800 ग्राम पोस्त 15 हजार नगदी सहित गिरफ्तार



**चूनावढ़ ( जनमार्ग न्यूज )।** पुलिस एसएचओ मलकीयत सिंह मय टीम ने एक जने को 3000 कैपसूल, 100 टेबलेट व 800 ग्राम पोस्त 15 हजार नगदी सहित गिरफ्तार कर आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया है, पुलिस ने यह कार्रवाई गांव 25 एमएल आरोपी बलजीत सिंह पुत्र गुरतेज सिंह के घर दबिश देकर मुखबिर की सूचना पर बलजीत सिंह को गिरफ्तार किया गया है। एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर अनुसंधान हिन्दूमलकोट पुलिस थाना के सीआई गुरमेल सिंह को सुपुर्द की गई है। आरोपी का चूनावढ़ पुलिस ने चूनावढ़ सीएचसी में स्वास्थ्य की जांच करवाई गई है। इस प्रकरण में आरोपीगण से बरामद नशीली गोलियां व डोडा पोस्त के बारे में अनुसंधान जारी है।

# गुड डे डिफेंस सैनिक स्कूल' में हर्षोउल्लास से मनाया, स्पोर्ट्स मीट कार्यक्रम

जनमार्ग न्यूज

**हनमानगढ़।** 7एसटीजी, डबलीराठान स्थित 'गुड डे डिफेंस सैनिक स्कूल' में हर्षोउल्लास से मनाया गया स्पोर्ट्स मीट कार्यक्रम। कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथि अर्जुन अवार्ड विजेता जगसीर सिंह मेहर, डॉ अमर सेतिया, डॉक्टर ओसियन सेतिया, डॉक्टर रवि सूमाल ,स्पोर्ट्स डीन, एसकेडी विश्वविद्यालय, भारतेंद्र सैनी, निदेशक हनुमानगढ़ इंटरनेशनल स्कूल ,अंकुर मुंजाल आदि का विद्यालय के चेयरपर्सन दिनेश जुनेजा एवं वरुण यादव, सैनिक स्कूल निदेशक लेफ्टिनेंट कर्नल सौरभ कुमार सेवानिवृत्त, शैक्षणिक निदेशक पंकज उप्पल, प्रशासक अनुराग छाबड़ा एवं प्राचार्या श्रीमती सुशीला साहरण आदि ने माल्यार्पण एवं पुष्पगुछ् देकर स्वागत किया। कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत मुख्य अतिथि अर्जुन अवार्ड विजेता जगसीर सिंह मेहर, डॉक्टर अमर सेतिया, डॉक्टर ओसियन सेतिया, डॉक्टर रवि सूमाल ,स्पोर्ट्स डीन, एसकेडी विश्वविद्यालय, भारतेंद्र सैनी, निदेशक हनुमानगढ़ इंटरनेशनल स्कूल ,अंकुर मुंजाल आदि द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर की गई। तत्पश्चात विधिवत कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। स्पोर्ट्स मीट कार्यक्रम में पधारे तमाम अतिथिगणों का स्वागत एनसीसी बैंड के साथ एनसीसी कैडेट्स, स्काउट -गाइड द्वारा परेड कर सलामी देकर किया गया।



# मध्यप्रदेश में कड़ाके की ठंड से राहत

जनमार्ग न्यूज

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में कड़ाके की ठंड से राहत मिल गई है। रात में 18 डिग्री तो दिन में पारा 34 डिग्री के पार पहुंच गया है। फरवरी की शुरुआत के पहले 6 दिनों में प्रदेश में मौसम के तीन रंग देखने को मिल चुके हैं। सुबह-रात में हल्की ठंड, दिन में गर्मी और उत्तरी हिस्से में हल्की बारिश हुई है। पिछले 3 दिनों में ग्वालियर, चंबल और उज्जैन संभाग के कुछ जिलों में आंधी और बूंदाबांदी वाला मौसम रहा है। बाकी जिलों में मौसम साफ रहा। इस वजह से गर्मी का असर भी देखने को मिला। बुधवार को भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन, जबलपुर समेत प्रदेश के कई शहरों में दिन के तापमान में 5 डिग्री तक की गिरावट देखने को मिली।

# करणीसर को नई ग्राम पंचायत बनाने की मांग

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** ग्राम पंचायत करणीसर के गठन की मांग को लेकर बुधवार को ग्राम 33 एसएसडब्ल्यू, 34 एसएसडब्ल्यू, 35 एसएसडब्ल्यू और 36 एसएसडब्ल्यू के ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने आग्रह किया कि इन चकों को सहजीपुरा ग्राम पंचायत से अलग कर करणीसर को एक नई ग्राम पंचायत के रूप में स्थापित किया जाए।

ग्रामीणों ने अपने ज्ञापन में बताया कि वर्तमान में ये चक सहजीपुरा ग्राम पंचायत के अंतर्गत आते हैं, जिसमें लगभग 7000 मतदाता हैं। सरकार द्वारा पंचायतों के पुनर्गठन की प्रक्रिया शुरू की गई है, ऐसे में ग्रामीणों की यह मांग है कि करणीसर को अलग ग्राम पंचायत बनाया जाए और इन चकों को इसमें शामिल किया जाए। ग्रामीणों ने तर्क दिया कि करणीसर में पहले से ही आवश्यक बुनियादी सुविधाएं मौजूद हैं, जैसे कि विद्युत विभाग और एक राजकीय विद्यालय। इसके अलावा, यह जिला मुख्यालय के नजदीक स्थित है और यहां लगभग 3000 मतदाता हैं। अन्य ग्राम पंचायतें करणीसर से 7-8 किलोमीटर की दूरी पर हैं, जिससे प्रशासनिक कार्यों में कठिनाई होती है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि कुछ लोग चक 33 एसएसडब्ल्यू, 34 एसएसडब्ल्यू, 35 एसएसडब्ल्यू और 36 एसएसडब्ल्यू को मिलाकर चोटियांवाली ढाणी में शामिल करने की मांग कर रहे हैं, जिसे ग्रामीणों ने अनुचित बताया। उन्होंने कहा कि अगर करणीसर को नई पंचायत बनाने में कोई विधिक बाधा आती है, तो पूर्व की भांति इन चकों को सहजीपुरा ग्राम पंचायत में ही रखा जाए।



ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर से अनुरोध किया कि उनकी मांगों पर उचित कार्यवाही की जाए और करणीसर को नई ग्राम पंचायत घोषित किया जाए। ज्ञापन के साथ ग्रामीणों ने अपने आधार कार्ड की प्रतियां भी संलग्न कीं। इस ज्ञापन को सौंपने के दौरान ब?ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे, जिन्होंने अपनी एकजुटता जाहिर की और प्रशासन से इस मामले में शीघ्र निर्णय लेने की मांग की। इस मौके पर गुरलाल सिंह दिलजीत सिंह बलबीर सिंह जसविंदर सिंह लकी कुमार श्रवण सिंह विनोद कुमार सुखदेव सिंह दीदार सिंह इकबाल सिंह बलराज सिंह प्रीतम सिंह सुखवीर सिंह पृथ्वी सिंह वेद प्रकाश जगदीश कुमार सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## न्यायालय ने अंतिम प्रतिवेदन नकारा

# पुलिस को दोबारा अनुसंधान के दिए आदेश

जनमार्ग न्यूज

**रावतसर।** जबरन अपहरण कर मारपीट करते हुए स्टांप पर हस्ताक्षर करवा कर आवासीय भूखंड का पट्टा कूटरचना कर अपने नाम करवाने के आरोप के एक मामले में स्थानीय न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा कुमावत ने पुलिस को प्रकरण में पर्याप्त, पूर्ण एवं पारदर्शी अनुसंधान कर नतीजा न्यायालय में प्रस्तुत करने के आदेश दिए हैं। मामले में परिवादी गोविंदराम ने पल्लू पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि आरोपी भगवानाराम, चेतराम, बृजलाल, श्रवण कुमार, देवेंद्र, रामकुमार, सुनील व अनिल ने 10 अक्टूबर 2024 को परिवादी का अपहरण कर सफारी जीप में एमडी कॉलेज पल्लू में ले जाकर जबरन स्टांप पर हस्ताक्षर करवाते हुए परिवादी के भूखंड का पट्टा अपने नाम करवा लिया। पीड़ित ने न्यायालय में कहा कि पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जानबूझकर सही तथ्य छुपाते हुए एफआर पेश की है जिसमें प्रकरण का सही अनुसंधान नहीं किया गया है। पीड़ित के अधिवक्ता एम.एल. शर्मा व लिच्छीराम छींपा ने न्यायालय को बताया कि जांच अधिकारी ने नोटरी पब्लिक के रजिस्टर के हस्ताक्षर तथा परिवादी से डरा धमकाकर करवाए गए हस्ताक्षर का मिलान नहीं किया और ना ही एमडी कॉलेज में लगे कैमरे के संबंध में कोई स्पष्ट जांच की है। कॉलेज के जिस कमरे में परिवादी से लिखापढ़ी करवाई गई उस कमरे में कोई कैमरा नहीं लगा है। इसके अतिरिक्त अनुसंधान अधिकारी द्वारा घटना की दिनांक 10 अक्टूबर 2024 को तहसील कार्यालय में छुट्टी होना दिखाया गया है जबकि उस दिन तहसील कार्यालय में कोई छुट्टी नहीं थी। परिबाड़ी से जबरदस्ती इकरारनामा लिखवाया गया है जो कानूनन 5 सौ रुपए के स्टांप पर होना चाहिए था लेकिन कथित इकरारनामा सौ रुपए के स्टांप पर तहरीर किया गया है। पुलिस द्वारा किसी स्वतंत्र गवाह से कोई पूछताछ नहीं की गई है। स्टांप विक्रेता के स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति के बयान लिखे गए हैं और उसे स्टांप विक्रेता दिखाया गया है। प्रत्येक हस्ताक्षर में भिन्नता स्पष्ट नजर आ रही है साथ ही पीड़ित द्वारा अनुसंधान अधिकारी को मोबाइल रिकॉर्डिंग सुनाई गई थी जिसके संबंध में कोई जांच नहीं की गई है।न्यायालय ने लिखा कि अनुसंधान अधिकारी द्वारा प्रकरण के संबंध में पूर्ण अनुसंधान नहीं किया गया है एवं अपना सुस्पष्ट निष्कर्ष नहीं दिया गया है। ऐसे में अग्रिम अनुसंधान हेतु भेजना न्यायोचित है। मजिस्ट्रेट नेहा कुमावत ने आगामी 28 मार्च तक न्यायालय में नतीजा पेश करने के आदेश दिए हैं।

# मिड-डे-मील की मांगों के शीघ्र समाधान करने की

जनमार्ग न्यूज




**श्रीगंगानगर।** राजस्थान मिड-डे मील वर्कर्स यूनियन सीटू जिला कमेटी श्रीगंगानगर के जिला संयोजक का. हरकेवलदीप सिंह के नेतृत्व में राज्य में कार्यरत मिड-डे-मील के ज्वलंत मुद्दों/मांगों के शीघ्र उचित समाधान करने की माँग को लेकर जिला कलक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भेजा। इससे पूर्व यूनियन से जुड़ी मिड-डे-मील वर्कर्स पंचायती धर्मशाला में इकट्ठी हुई जहां से जलूस के रूप में नारे लगाती हुई जिला कलेक्ट्रेट पहुँची।

ज्ञापन में अवगत करवाया गया कि राज्य के स्कूलों में मिड-डे-मील योजना के अन्तर्गत मिड-डे-मील वर्कर्स कार्यरत हैं जो स्कूल में आने वाले बालकों/बालिकाओं को गर्म पोषाहार भोजन बनाकर खिलाते हैं। लेकिन इन मिड-डे-मील वर्कर्स के हालात अत्यंत दयनीय हैं। वर्षो तक काम करने के बावजूद उन्हें नियमित राज्य कर्मचारी का दार्ज देना तो दूर इन्हें राज्य के न्यूनतम वेतन तक का भुगतान नहीं किया जाता है। यहां तक कि जिस अल्प राशि 2003/- रूपये प्रतिमाह मानदेय का भी भुगतान 6' माह तक नहीं दिया जाता। इन परिस्थितियों के बावजूद वे अपना कार्य ईमानदारी एवं पूर्ण मेहनत से करते आ रहे हैं।

ज्ञापन में बताया गया कि इन वर्कर्स को छ्ः माह से मानदेय नहीं मिला है उसका भुगतान तुरंत किया जाए और हर माह 10 तारीख तक मानदेय देना सुनिश्चित किया जाए। मिड-डे मील वर्कर्स को सरकारी कर्मचारी का दर्ज दिया जाए तथा न्यूनतम वेतन के रूप में 26000/- रूपये प्रतिमाह भुगतान किया जाए। मिड-डे-मील वर्कर्स कुक कम हैल्पर को 60 साल की उम्र पर रिटायरमेंट होने पर 5,00,000/- रूपये की राशि का भुगतान किया जाए। रिटायरमेंट होने के बाद हर माह 10,000/- की पैंशन दी जाए। मिड-डे-मील वर्कर्स के कार्य के दौरान दुर्घटना होने पर 2,00,000/- रूपये व मृत्यु होने पर 10,00,000/- रूपये की एकमुश्त राशि दी जाए। मिड-डे-मील वर्कर्स से स्कूलों में करवाई जा रही बेगार बंद हो। जैसे- साफ सफाई, टॉयलेट साफ, बच्चों के झूठे बर्तन इत्यादि।

का. हरकेवलदीप सिंह ने बताया कि जिला कलेक्ट्रेट के समक्ष किए गए प्रदर्शन में केन्द्र सरकार द्वारा घोषित बजट में मिड-डे-मील वर्कर्स को किसी प्रकार की राहत प्रदान नहीं किए जाने से आक्रोशित मिड-डे-मील वर्कर्स ने बजट की प्रतियां जलाई।

इस अवसर पर का. दुर्गा स्वामी, का. जगसीर सिंह ने अपने विचार रखे। प्रदर्शन में भोली, शकुंतला, मंजू, उषा, जसपाल कौर, कृष्णा, नथ्थिया देवी, अनिता, सर्वजीत कौर, रेखा सहित बड़ी संख्या में मिड-डे-मील वर्कर्स उपस्थित रही।



# स्पोकन इंग्लिश बैच होल्डर्स को सम्मानित किया

**हनुमानगढ़ ( जनमार्ग न्यूज )।** संस्कार इंटरनेशनल एकेडमी ने लगातार दूसरे वर्ष अपने स्पोकन इंग्लिश बैच धारकों की उपलब्धियों का सम्मान किया। एक विशेष सुबह की सभा में कुल 151 स्टार स्पोकन इंग्लिश छात्रों को स्वर्ण पदक और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। प्रिंसिपल एल.बी. सुब्बा ने इस बात पर प्रकाश डाला कि, छात्रों को अंग्रेजी में संवाद करने के लिए प्रोत्साहित करने और प्रेरित करने के लिए, स्कूल ने कक्षा 1 से 12 तक के छात्रों के लिए स्पोकन इंग्लिश बैच पुरस्कार शुरू किया है। यह पहल एक बड़ी सफलता रही है, क्योंकि छात्रों ने, अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में, स्कूल समय के दौरान सक्रिय रूप से अंग्रेजी बोलने का माहौल बनाया है।

# सीटू का आठवां सम्मेलन संपन्न



**हनुमानगढ़ ( जनमार्ग न्यूज )।** आज डबली राठन में अनाज मंडी मजदूर यूनियन सीटू का आठवां सम्मेलन संपन्न हुआ सम्मेलन की अध्यक्षता जरनैल बुटा सिंह मंदर सिंह सहित तीन सदस्य अध्यक्ष मंडल ने की सबसे पहले झंडा रोहण कर जनवादी आंदोलनों में शहीद हुए शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई उसके पश्चात मजदूर नेता सीटू के जिला उपाध्यक्ष कांमरेड रामेश्वर वर्मा ने सम्मेलन का उद्घाटन भाषण देते हुए बताया कि केंद्र की मोदी सरकार मजदूरों के श्रम कानून में संशोधन कर रही है मजदूरों का न्यूनतम वेतन भी लागू नहीं है तमाम मजदूर के अधिकारों को खत्म कर पूंजीपतियों के हवाले किया जा रहा है अभी जो बजट केंद्र की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पेश किया है उसेमे 60 पन्नो के बजट में पेश किया उसमें कहीं भी मजदूरों का नाम नहीं आया है मजदूरों के बजट में तमाम तरह की कटौती की गई है यह बजट कॉर्पोरेट घरानों के लिए अमृत काल है ओर मेहनतकश वर्ग के लिए विष काल है।

# शारीरिक शिक्षक संघ ने 21 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सीएम को भेजा

जनमार्ग न्यूज



**श्रीगंगानगर।** शारीरिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष हापूराम चौधरी ने बताया कि 5 फरवरी को पूरे राजस्थान के सभी जिलों से जिला कलेक्टर व उपखंड अधिकारी के माध्यम से शारीरिक शिक्षक संगठन की लंबित 21 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री राजस्थान के नाम भेजा गया जिसमें मांगे- उप जिला शिक्षा अधिकारी शारीरिक शिक्षा के पद को अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी करे। प्रत्येक उच्च प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक के बाद दूसरा पद शारीरिक शिक्षक का स्वीकृत किया जाए छात्र संख्या की बाध्यता हटाई जाए । प्रत्येक ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में खेल समन्वयक व्याख्याता शारीरिक शिक्षा का पद स्वीकृत किया जाए । प्रारंभिक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी शारीरिक शिक्षा( पे ग्रेड 6600 एल 16) के पद स्वीकृत किया जाए । दो और दो से अधिक फैकल्टी वाले विद्यालयों में व्याख्याता शारीरिक शिक्षा के पद स्वीकृत किया जाए साथ ही एक तृतीय श्रेणी शारीरिक शिक्षा का पद स्वीकृत किया जाए । विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए राइट टू प्ले कानून बनाया जाए । प्रत्येक जिला मुख्यालय पर एक मॉडल स्पोर्ट्स स्कूल खोला जाए । जिला व राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए खिलाड़ियों का खुराक भत्ता 250 रुपए प्रतिदिन किया जाए । कक्षा 6 से 10 तक की स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा पाठ्य पुस्तक के विद्यालय को निशुल्क उपलब्ध कराई जाए । स्पोर्ट्स कोटे की भर्तियों में नेशनल खेल खिलाड़ियों को घटते क्रम में 2त्न आरक्षण का लाभ दिया जाए । स्थानांतरण नीति जारी कर समस्त कैडर के स्थानांतरण किया जाए। उच्च शिक्षा अध्ययन के लिए ह्वढ्ढस् कोचिंग डिप्लोमा की तर्ज पर शारीरिक शिक्षकों को पूर्ण वेतन के साथ एमपी ईएड कोर्स करने की अनुमति दी जाए । राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजन के लिए 50000 से बढ़कर 200000 दिए जाएं । डीपीडी बीपीएड कोर्स के लिए खेल प्रमाण पत्र अनिवार्य किया जाए । कैडर के जिला शिक्षा अधिकारी व उपनिदेशक शारीरिक शिक्षा के पदों को पूर्ण बहाल कर शारीरिक शिक्षा कैडर को दुरुस्त किया जाए । शारीरिक शिक्षा वर्ग के समस्त पदों की रिव्यू डीपीसी इस सत्र में की जाए । 14 वर्षीय जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को खुराक भत्ता की राशि निदेशालय स्तर से स्वीकृत की जाए । पिछले वर्षो में कर्मोंनत हुए विद्यालयों में शारीरिक शिक्षक के पद स्वीकृत किया जाए । पीएम श्री विद्यालयों में व्याख्याता शारीरिक शिक्षा के पद स्वीकृत किया जाए । संभाग मुख्यालय पर राष्ट्रीय खेल हॉकी के एस्ट्रोट्फ खेल मैदान बनवाया जाए । शारीरिक शिक्षा कदर की नई भर्ती की प्रक्रिया शुरू की जाए।

ज्ञापन देने में ओमप्रकाश बेनीवाल जिला अध्यक्ष जोधपुर ग्रामीण दिनेश सांखला जिला अध्यक्ष जोधपुर शहर देवेंद्र सिंह चौहान प्रदेश उपाध्यक्ष महेंद्र जयपाल प्रदेश संयुक्त संगठन मंत्री महेंद्र चौधरी जिला मंत्री जोधपुर शहर किशन मेघवाल जिला मंत्री जोधपुर ग्रामीण, लुम्बाराम वैष्णव , गोरधनसिंह , हनुमानप्रसाद भादू , रणजीत भारती , मीतेन्द्र सिंह , गोपाराम तांडी , ओमसुख , जाकिर हुसेन , विवेक मिश्रा , मुन्नाराम , युनुस , पदम सिंह , रज़्ाक , गौतम , कमल किशोर सारण लुणाराम ,रामलाल , कविता , कौशल्या , विमलेश , विजय प्रजापति , भूराराम , उम्मेद बारासा , आबाद अली , रामेश्वर आदि शारीरिक शिक्षक उपस्थित रहे।

# नवनियुक्त जिलाध्यक्ष चावला का स्वागत

❑ श्री अरोड़वंश सभा की बैठक आयोजित

जनमार्ग न्यूज



**बीझबायला।** बीझबायला में श्री अरोड़वंश सभा के तत्वधान में बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक पंचमुखी चौक पर रखी गई बीझबायला श्रीअरोड़वंश सभा के प्रधान जगदीश काठपाल की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में मुख्य रूप से पधारे अखिल भारतीय अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के जिलाध्यक्ष मनोहर लाल चावला,उपाध्यक्ष महेन्द्र मिगलानी,प्रवक्ता तेजवीर सोई , भारतभूषण चावला पहुचे और बीझबायला अरोड़ा समाज ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मनोहर लाल चावला का स्वागत किया गया और संस्था द्वारा ग्राम प्रमुख नियुक्त करने के संबंध में विचार विमर्श किया गया। बैठक में जल्दी ही ग्राम प्रमुख का नाम तय करके जिलाध्यक्ष को भेजने का आश्वासन दिया जिला अध्यक्ष मनोहरलाल चावला ने समाज को एक जुटता से रहने समाज हित मे बढ़ चढ़ कर भाग लेने का कहा और समाज के रीति रिवाजों परम्पराओं अपने मुल कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया समाज मे एकता बनाये रखे कि अपील की। उपाध्यक्ष महेंद्र मिगलानी, ने बताया कि जल्द हर ब्लॉक व ग्राम स्तर पर ग्राम प्रमुख नियुक्त किये जायेंगे जिससे समाज आगे बढ़ेगा। इस मौके पर बीझबायला अरोड़वंश सभा के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र सेतिया , राकेश अरोड़ा,दिनेश दुआ,रमेश बतरा, जगदीश चावला, गुरदेव मक्कड़,परषोतम बत्रा,सचिव दिवाकर दुआ,महेन्द्र बतरा, हरदयाल गम्भीरी, अशोक बिलन्दी, लोकेश कटारिया, सुरेंद्र बाघला, राकेश असीजा,सभा के उपाध्यक्ष तरुण दुआ सहित अरोड़वंश समाज के लोग मौजूद थे।

# सुरक्षित वाहन चालन कार्यशाला आयोजित



जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** महिला अधिकारिता विभाग द्वारा महिलाओं और युवतियों के लिए वाहन चालन कोर्स एवं यातायात नियमों की जानकारी हेतु एक विशेष कार्यशाला का आयोजन सामुदायिक भवन, न्यू सिविल लाइन, हनुमानगढ़ जंक्शन में किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित वाहन चालन की जानकारी देना और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ सुनील स्वामी, जेंडर स्पेशलिस्ट, द्वारा किया गया। उन्होंने महिला अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी, जो महिलाओं एवं बालिकाओं के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि ये योजनाएं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ उनकी सुरक्षा को भी सुनिश्चित करती हैं। ट्रैफिक इंचार्ज श्री राजेंद्र कुमार ने उपस्थित युवतियों को यातायात नियमों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दीं।

उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वाहन चलाना आवश्यक है और इसके लिए ट्रैफिक नियमों की सही जानकारी होना अनिवार्य है। उन्होंने मुख्यमंत्री आयुष्मान जीवन रक्षा योजना के बारे में भी जानकारी दी। इस योजना के तहत यदि कोई व्यक्ति किसी गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को समय पर सरकारी या निजी अस्पताल पहुंचाता है, तो उसे 10,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है। इसके अलावा, उन्होंने गुड सेमेरिटन नागरिकों के अधिकारों की जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क पर घायल व्यक्ति की सहायता करने वाले किसी भी नागरिक को पुलिस द्वारा अनावश्यक पूछताछ के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा, और यदि वह गवाही देने के इच्छुक नहीं हैं, तो उन पर कोई दबाव नहीं डाला जाएगा। महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक श्री प्रवेश कुमार सोलंकी ने बालिकाओं से संबंधित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने मुख्यमंत्री नारी शक्ति एवं कौशल संवर्धन योजना के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए दी जा रही सुविधाओं पर प्रकाश डाला। साथ ही, उन्होंने बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने यह भी बताया कि 'गुड सेमेरिटन' नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए सरकार ने विशेष प्रावधान किए हैं, जिसके तहत कोई भी अस्पताल किसी भी मददगार नागरिक को रुकने या अपनी निजी जानकारी देने के लिए बाध्य नहीं कर सकता।

## धर्म ध्वजा पदयात्रा का स्वागत श्री परशुराम चौक होगा स्वागत

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** श्री श्याम सेवा समिति श्री श्याम चौक द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी झांकी वाले बालाजी मंदिर के स्वर्णिम महोत्सव के दौरान वीरवार को निकाली जाने वाली भव्य आलौकिक धर्म ध्वजा पद यात्रा का स्वागत श्री परशुराम चौक पर धूमधाम से किया जाएगा । समिति के सेवादार धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि इस पावन बेला पर परशुराम चौक की सफाई कर फूलों से सजाया जाएगा। आरती व भोग लगा प्रसाद भक्तों में बांटा जाएगा।

जनमार्ग पढ़ें
ताजा खबरें
ज्यादा खबरें

# श्री सिद्ध हनुमान मंदिर के धर्मोत्सव में मनाया कृष्ण जन्मोत्सव





जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** नई धान मंडी परिसर में स्थित श्री सिद्ध हनुमान मंदिर के 38 वें धर्मोत्सव के तहत श्रीमद् भागवत कथा में आज भगवान श्रीकृष्ण का जन्म बड़ी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। कथा व्यास पंडित सत्यपाल पाराशर ने आज कथा को आगे बढ़ते हुए बताया कि श्रीमद् भागवत भगवान के 24 अवतारों की पावन कथा है।24 अवतारों में भगवान श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण के अवतार सबसे ज्यादा प्रचलित हैं। भगवान श्रीराम से हमें मर्यादा की शिक्षा मिलती है और भगवान श्रीकृष्ण से दिव्य प्रेम प्रदान करने वाले भगवान है। भगवान श्रीराम के मर्यादापूर्ण जीवन को जो धारण कर लेता है, उसे भगवान श्रीकृष्ण का दिव्य प्रेम भी प्राप्त होता है।जब तक हम श्रीराम की मर्यादा को जीवन में धारण नहीं करेंगे, भगवान श्रीकृष्ण का दिव्य प्रेम भी प्राप्त नहीं होगा। भगवान श्रीराम की मर्यादा क्या है, यह हमें रामायण पढ़ने से पता चलता है कि कैसे श्रीराम प्रातः काल उठकर अपने माता-पिता और गुरुजनों के चरणों में प्रणाम करते थे। यह शिक्षा हम अपने बच्चों को सिखाएं। पंडित सत्यपाल पाराशर ने कहा कि द्वापर युग के अंत में भगवान ने कलिकल में होने वाले भक्तों के पापों का शमन करने व भक्तों को आनंद देने के लिए अवतार धारण किया।ईश्वर तत्व नीचे उतरता है और जीव तत्व ऊपर उठना है।इन दोनों की जहां संधि होती है, उसे अवतार कहते हैं।

## आज गोवर्धन पूजा और छप्पन भोग

कल पांचवें दिन भागवत कथा में गोवर्धन पूजा होगी और छप्पन भोग लगाया जाएगा। मंदिर प्रबंध समिति के संचालक रामगोपाल पांडूसरिया ने बताया कि आगामी 10 फरवरी तक आयोजित होने वाले वार्षिक धाम महोत्सव के तहत रोजाना शाम 7:15 बजे संगीतमयी सुंदरकांड का पाठ भी निरंतर किया जा रहा है।इसमें भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु आ रहे हैं। रोजाना दोपहर को विशाल भंडारा लगाया जाता है। आज भी हजारों लोगों ने भंडारे में आकर भोजन प्रसादी ग्रहण की। भागवत कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी लोग आ रहे हैं।

इस आयोजन में मुख्य यजमान चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष इंजीनियर बंशीधर जिंदल के अलवग राजेश अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, दुर्गा मूंदडा, पुरुषोत्तम अग्रवाल, भूषण गर्ग, अशोक मित्तल, योगेश जिंदल, भूषण मित्तल, सीए सुमित अग्रवाल, विजयसिंह शेखावत, टोनी अग्रवाल, संजय मूंदड़ा, ओमप्रकाश महिपाल, भूपेंद्र जिंदल आदि मंडी के व्यापारियों और शहर के अनेक गणमान्य लोगों द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

# फर्जी ट्रेडिंग हजारों करोड़ के साइबर फ्रॉड के आरोपियों पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज

● व्यापारी ने करवाया 50 लाख की धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज ● दो बैंक खाता में 256 करोड़ की साइबर ठगी की राशि हुई जमा

जनमार्ग न्यूज।

**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर में एक हफ्ता पहले फर्जी ट्रेडिंग सॉफ्टवेयर से बड़ी संख्या में लोगों से हजारों करोड़ का साइबर फ्रॉड करने के उजागर हुए मामले में आरोपियों के खिलाफ एक और मुकदमा दर्ज हुआ है। बीकानेर के बीछवाल थाना में वहां की कृषि उपज मंडी के एक व्यापारी प्रदीप शर्मा (28) निवासी बामनवाली थाना लूणकरणसर द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर अजय कुमार आर्य, सौरभ चावला तथा कर्मजीतसिंह आदि के विरुद्ध 50 लाख की धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है। इन तीन आरोपियों सहित आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ स्थानीय सदर थाना में साइबर फ्रॉड के दर्ज हुए मुकदमे की जांच करें सीआई सुभाषचंद्र ढील ने बताया कि जांच-पड़ताल के दौरान बीकानेर के ऐसे आधा दर्जन बैंक खाता पकड़ में



आए हैं जिनमें साइबर फ्रॉड की राशि जमा हुई थी। इन खातों को फ्रीज करने के साथ इनमें जमा राशि को होल्ड करवाया गया है। उन्होंने बताया कि दो खाते तो ऐसे हैं जिनमें 100 करोड़ तथा 156 करोड़ की संदिग्ध राशि जमा हुई है। बाकी खातों में भी बड़ी-बड़ी रकमों का ट्रांजैक्शन हुआ है।

बीकानेर के बीछवाल थाना में मुकदमा दर्ज करवाने वाले प्रदीप शर्मा ने बताया है कि वह बीकानेर की कृषि उपज मंडी में कार्यरत व्यापारिक फार्मों से कृषि जिंस खरीद कर बेचने का काम करता है। वर्ष 2023 में करणी ट्रेडिंग कंपनी, गणेश ट्रेडिंग कंपनी और साहिल एंटरप्राइजेज से कृषि जिंस खरीदे और विभिन्न लोगों को बेचे। उसके द्वारा गणेश ट्रेडिंग कंपनी से अजय आर्य को 1 जुलाई और 7 जुलाई को क्रमश: 339450 और 516525 रुपए का मूंग भेजा था। इसी प्रकार करमजीतसिंह और सौरभ के बताए मुताबिक कृषि जिंस विभिन्न लोगों को भेजे। साहिल एंटरप्राइजेज से कृषि जिंस खरीद कर अजय, सौरभ और कर्मजीत सिंह को बेचे। इन आरोपियों ने फोन-पे तथा ऑनलाइन ट्रांजैक्शन से उसे रुपए भेजे। करणी ट्रेडिंग कंपनी से एएनपीआर प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड को चना बेचा था। प्रदीप शर्मा के अनुसार उसने करोड़ों रुपए का व्यापार किया। करमजीतसिंह, अजय और सौरभ आदि अपने लोगों से करणी ट्रेडिंग कंपनी, साहिल एंटरप्राइजेज और गणेश ट्रेडिंग कंपनी के खातों में ऑनलाइन राशि भेजते थे। इन फर्मों के प्रोपराइटर घनश्याम, श्रीकृष्ण और गणेशाराम ने विगत दिवस बताया कि उनके बैंक खाता सीज हो गए हैं।जिन लोगों को माल भेजा था, उन्होंने उनके साथ और अन्य किसानों के साथ धोखाधड़ी की है।यह लोग कृषि जिंसों की राशि हड़पकर फरार हो गए हैं।

# टांटिया वेटरनरी कॉलेज में मादा कुत्ते की सर्जरी



ईएमएस न्यूज।

**श्रीगंगानगर।** टांटिया विश्वविद्यालय के श्रीगंगानगर वेटरनरी कॉलेज में शुक्रवार को तीन वर्षीय मादा कुत्ते की टूटी हुई ह्यूमरस (ऊपरी पांव की हड्डी) की सफल सर्जरी की गई। इसका पैर एक्सीडेंट की वजह से टूट गया था। फैकल्टी ऑफ वेटरनरी के डीन डॉ. आर.पी.एस. बघेल ने बताया कि यह जटिल सर्जरी इंट्रामेडुलरी पिनिंग तकनीक के माध्यम से डॉ. आशीष बांगड़ और डॉ. रामवीर शर्मा की विशेषज्ञ टीम ने की। इस तकनीक का उपयोग हड्डी को स्थिर करने और तेजी से ठीक होने में मदद के लिए किया जाता है। सर्जरी के बाद कुत्ते की स्थिति सामान्य है और वह तेजी से स्वस्थ हो रहा है। उल्लेखनीय है कि इस तरह की उन्नत सर्जरी इस क्षेत्र में पशु कल्याण के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

## पारिवारिक विवाद को लेकर झगड़ा, 9 गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)।** सूरतगढ़ सदर थाना क्षेत्र के गांव रामपुरा न्योला में कल बुधवार को एक पारिवारिक विवाद के चलते दो पक्षों में झगड़ा हो गया। एक पक्ष के लोग लाठियां और डंडे आदि हथियारों से लैस होकर दूसरे पक्ष के घर में घुस गए और परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट करने लगे। इस परिवार की महिलाओं की लज्जा भी भंग कर दी। पुलिस ने इस परिवार की एक महिला द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर बंजारासिंह रायसिख (55) समेत 18-20 व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। उक्त महिला ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बंजरासिंह तथा उसके साथ आए लोगों पर घर में आकर लाठी-डंडों से मारपीट करने तथा उसकी लज्जा भंग कर देने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार झगड़ा फसाद होने की सूचना मिलने पर पुलिस रामपुर न्यौला गांव पहुंची। मौके पर से पुलिस ने बंजारासिंह के अलावा हरमेशसिंह मजहबी सिख (24), संदीपसिंह रायसिख (19), कृष्णसिंह रायसिख (23), सुखचैनसिंह रायसिख (19), नवाबसिंह मजहबी सिख (31), बलकरणसिंह मजहबी सिख, गुरमीतसिंह रायसिख (33), गुरमीतसिंह रायसिख(49) को शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने बताया कि उक्त पकड़े गए आरोपी बिशनपुरा, चक 77 एलएलपी, घमंडियां और रामपुरा न्यौलख गांव के निवासी हैं।

## उपचुनाव मतदान एवं मतगणना हेतु भवन अधिग्रहण

जनमार्ग न्यूज।

**श्रीगंगानगर।** पंचायती राज संस्थाओं के जिला परिषद के निर्वाचन क्षेत्र संख्या 15 के सदस्य के उपचुनाव हेतु 14 फरवरी 2025 को प्रात: 8 बजे से सायं 5 बजे तक मतदान करवाया जायेगा। मतगणना 15 फरवरी 2025 को प्रात: 9 बजे से होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं जिला कलक्टर श्रीगंगानगर डॉ. मंजू द्वारा आदेश जारी कर उक्त उपचुनाव हेतु ईवीएम कमीशनिंग, मतदान दलों की रवानगी, वापसी पर सामग्री संग्रहण एवं मतगणना हेतु 11 फरवरी 2025 को प्रात: 6 बजे से लेकर मतगणना समाप्ति तक पंचायत समिति हॉल एवं उसके साथ लगते हुए कमरे का अधिग्रहण किया गया है।

## नोजगे की लक्षिता करेगी मॉडल प्रदर्शित

जनमार्ग न्यूज।

**श्रीगंगानगर।** नोज़गे पब्लिक स्कूल के कक्षा सात (वी) की छात्रा लक्षिता का चयन इंस्पायर अवार्ड 2023-24 के लिए हुआ था। अब यह छात्रा आगामी दिनों में सरस्वती पब्लिक स्कूल, चहल चौक में होने वाले जिला स्तरीय इंस्पायर अवार्ड में अपनी प्रदर्शनी प्रदर्शित करेगी। इस छात्रा को स्कूल प्रबंधन ने अग्रिम बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। डायरेक्टर विनीता मित्तल ने बताया कि लक्षिता का चयन इंस्पायर अवार्ड 2023-24 के लिए हुआ था। उन्होंने 10 हज़ार रुपये प्राइज़ मनी भी जीती थी। उनका प्रोजेक्ट नेम चेयर विद सेंसर था। ज्ञात रहे कि ज़्यादा देर तक बैठने से जिन लोगों को कमर दर्द जैसी परेशानी होती है उन्हें ये हैं चेयर राहत प्रदान करेगी। इस जिला स्तरीय एग्जिबिशन का आयोजन 10 व 11 फ़रवरी को चहल चौक स्थित सरस्वती पब्लिक स्कूल में होगा। उस दिन लक्षिता अपने द्वारा तैयार किए गए मॉडल को प्रदर्शित करेगी।

## उपचुनाव के तहत प्रकोष्ठ गठित

**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)।** पंचायती राज संस्थाओं के रिक्त पदों हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) श्रीगंगानगर द्वारा प्रकोष्ठ गठित किये गये हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं जिला कलक्टर श्रीगंगानगर डॉ. मंजू के अनुसार पूर्व में गठित प्रकोष्ठ के साथ ही निर्वाचन व्यय, सामान्य व्यवस्था एवं मतगणना प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। प्रकोष्ठ प्रभारियों को निर्वाचन कार्य नियमानुसार सम्पादित करने के निर्देश दिये गये हैं।

## नर्सिंग अधीक्षक जैतकंवर गोयल का निधन

जनमार्ग न्यूज।



**श्रीगंगानगर।** राजकीय जिला चिकित्सालय के नर्सिंग अधीक्षक जैतकंवर गोयल का गुरुवार को मुम्बई में ईलाज के दौरान निधन हो गया। जैतकंवर गोयल के निधन की सूचना मिलते ही जिला अस्पताल के चिकित्सकों व नर्सिंग स्टाफ में शोक की लहर दौड़ गई। निधन के बाद परिजन उनका शव लेकर श्रीगंगानगर के लिए रवाना हो गए हैं। जैतकंवर गोयल लम्बे समय से गंभीर बीमारी से पीड़ित थे तथा अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़कर गए हैं। जैतकंवर गोयल का अंतिम यात्रा आज सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान हौमलेंड फर्स्ट से रवाना होकर हनुमानगढ़ रोड स्थित कल्याण भूमि पहुंचेगी।

## अफीम बेचने आया तस्कर गिरफ्तार

जनमार्ग न्यूज।



**श्रीगंगानगर।** बीकानेर से अफीम बेचने आए एक तस्कर को सदर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सदर थाना में सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने बताया कि बीकानेर की ओर से एक बस में कल दोपहर आए तस्कर नारायण भाटी (22) निवासी ओडों का बास बीकानेर को काबू किया गया। उसके कब्जे से आधा किलो अफीम बरामद हुई। नारायण भाटी बीकानेर मार्ग पर बारहमासी नहर के पुल पर बस से उतरा था। पकड़े जाने पर की गई पूछताछ में उसने बीकानेर में भुट्टों का वास निवासी राजेश चौधरी नामक व्यक्ति से 18 सौ रुपए प्रति 10 ग्राम के हिसाब से अफीम खरीद कर श्रीगंगानगर में किसी को बेचने आने के लिए बताया। नारायण ने बताया कि उसने राजेश चौधरी को नगद के रूप में रूपयों का भुगतान किया था। नारायण के विरुद्ध दर्ज किए गए एनडीपीएस एक्ट मामले की आगे जांच जवाहरनगर थाना में सब इंस्पेक्टर नरेश कुमार को दी गई है।

## गुरुसर मोडिया के सरकारी स्कूल में चोरी

जनमार्ग न्यूज।

**श्रीगंगानगर।** सूरतगढ़ सदर थाना क्षेत्र के गांव गुरुसर मोरिया के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में चोरी की घटना सामने आई है। पुलिस के मुताबिक स्कूल के वाइस प्रिंसिपल सतपाल द्वारा दी गई रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस को रिपोर्ट देते हुए वाइस प्रिंसिपल ने बताया कि 2 फरवरी को स्कूल का एक कर्मचारी जब साफ सफाई कर रहा था, तब एक कमरे के ताले टूटे हुए थे।उसके द्वारा सूचना दिए जाने पर उसने स्कूल में जाकर चेक किया तो उक्त कमरे में रखा स्कूल का कुछ रिकॉर्ड, एक लैपटॉप,डिजिटल डोंगल, बीएसएनल वाई-फाई सिस्टम का अडॉप्टर आदि सामान गायब था। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल की। घटना के तीन दिन बाद कल अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## रिश्तेदार को हस्ताक्षर कर ब्लैंक चेक देना महंगा पड़ा

● ब्लैकमेलिंग के आरोप में महिला और उसके मित्र के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

जनमार्ग न्यूज।



**श्रीगंगानगर।** पुरानी आबादी की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रहने वाले एक शख्स को अपनी एक रिश्तेदार महिला गुरप्रीतकौर को हस्ताक्षर कर ब्लैंक चेक देना महंगा पड़ गया। महिला ने चेक अपने एक दोस्त को दे दिया,जिसने उसमें 12 लाख रुपए की राशि भरकर बैंक में लगा दिया। इतनी राशि अकाउंट में नहीं होने के कारण चेक डिस-ओनर हो गया। उक्त शख्स को विगत 10 जनवरी को इस बात का पता चला जब उसे चेक डिस-ओनर होने पर एक वकील का लीगल नोटिस मिला। पुलिस के अनुसार हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी कुलवंतसिंह रामगढ़िया (45) द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर गुरप्रीतकौर तथा कर्मजीतसिंह नामक व्यक्तियों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। कुलवंतसिंह ने बताया कि गुरप्रीतकौर उसकी रिश्तेदार है। उसने पिछले वर्ष आकर बताया कि उसके घर का बिजली बिल ज्यादा आया है।उसे रूपयों की जरूरत है। कुलवंतसिंह के मुताबिक तब उसके पास नगद रुपए नहीं थे। उसने अपने बैंक अकाउंट का एक खाली चेक हस्ताक्षर कर गुरप्रीतकौर को दे दिया। गुरप्रीतकौर ने कहा था कि उसे 5 हजार रुपए की जरूरत है। वह चेक में इतनी राशि भरकर बैंक से प्राप्त कर अपना बिजली का बिल भर देगी। कुलवंतसिंह के मुताबिक 10 जनवरी को लीगल नोटिस आने पर उसे पता चला कि उक्त चैक में 12 लाख रुपए की राशि भरकर बैंक में लगा दिया गया था। इस बारे में गुरप्रीतकौर से पूछा तो उसने बताया कि चेक अपने एक मित्र कर्मजीतसिंह को दे दिया था,जिसने उक्त राशि भरकर बैंक में लगाया है। कुलवंतसिंह का आरोप है कि इसके बाद से गुरप्रीतकौर तथा कर्मजीत सिंह उसे ब्लैकमेल कर रहे हैं। उसका चैक वापस करने के बदले में साढे तीन लाख रुपए की मांग कर रहे हैं। पिछले दिनों उसने अपने साथ कुछ व्यक्तियों को लेकर उक्त दोनों आरोपियों के साथ पंचायत भी की, जिसमें उन्होंने साढे तीन लाख रुपए देने पर चैक वापस करने की बात कही।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की बैठक आयोजित



**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव गजेन्द्र सिंह तेनगुरिया की अध्यक्षता में गुरूवार को बैठक हुई। इस दौरान महिलाओं, दिव्यांगनों एवं ट्रांसजेंडर्स हेतु शौचालय निर्माण किए जाने पर चर्चा की गई। एडीजे तेनगुरिया ने बताया कि माननीय राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकार राजस्थान उच्च न्यायालय बैंच जयपुर द्वारा राज्य के विभिन्न जिलों में महिलाओं एवं दिव्यांगजनों के लिए सार्वजनिक स्थानों एवं बाजारों में शौचालयों की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश प्रदान किए गए थे। उपरोक्त निर्देशों की पालना में गंगानगर शहर में शौचालयों हेतु स्थान चिन्हित करने के लिए समिति का गठन किया गया। समिति के अध्यक्ष सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकर की अध्यक्षता में प्रशासन की ओर से सहायक कलक्टर, (फास्ट ट्रैक), आयुक्त नगर परिषद श्रीगंगानगर, अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं चीफ लीगल डिफेंस काउंसिल को नियुक्त किया गया। साथ ही निर्देश प्रदान किए गए कि ऐसे स्थान जहां महिलाओं, दिव्यांगजनों के लिए सार्वजनिक स्थानों पर बाजार के अंदर शौचालय नहीं है, उन स्थानों को शीघ्र ही चिन्हित किया जावे।

# ग्राम पंचायतों में एग्रीस्टैक योजना के तहत फार्मर रजिस्ट्री शिविर जारी

जनमार्ग न्यूज।

**श्रीगंगानगर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर एग्रीस्टैक योजना में किसान रजिस्ट्री प्रोजेक्ट को सम्पूर्ण राजस्थान में लागू किया जाएगा। योजना के तहत श्रीगंगानगर जिले की ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर शिविर जारी है। शिविरों में किसानों की फार्मर आईडी बनाने के साथ-साथ विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। गुरूवार को जिले की ग्राम पंचायतों में आयोजित फार्मर रजिस्ट्री शिविर में किसान आईडी तैयार करने के साथ-साथ प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, मुख्यमंत्री आरोग्य आयुष्मान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, मंगला पशु बीमा योजना, पशु टीकाकरण, पशु चिकित्सा एवं उपचार सहित पशु पालन विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य



विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सहित अन्य विभागों की योजनाओं से भी किसानों को लाभान्वित किया गया। जिला कलक्टर डॉ. मंजू के निर्देश पर संबंधित उपखंड क्षेत्र के अधिकारियों के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारियों ने फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने शिविर में उपलब्ध करवाई जा रही सेवाओं और अब तक हुए रजिस्ट्रेशन की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गुरूवार को फार्मर रजिस्ट्री शिविरों में 281 रजिस्ट्रेशन हुए। इनमें से 84 की आईडी जनरेट की गई। एसडीएम गंगानगर एवं प्रभारी अधिकारी भू-अभिलेख रणजीत कुमार ने बताया कि 7 फरवरी को गंगानगर तहसील की ग्राम पंचायत 8एचएच और कोठा, तहसील सूरतगढ़ की ग्राम पंचायत रंगमहल और बख्तावरपुरा, तहसील करणपुर की ग्राम पंचायत 15 ओ और मौडा, तहसील पदमपुर की ग्राम पंचायत घमूड़वाली और फरसेवाला, तहसील सादुलशहर की ग्राम पंचायत ताखरांवाली और करड़वाला, तहसील अनूपगढ़ की ग्राम पंचायत 12एबी और 9एमडी, तहसील रायसिंहनगर की ग्राम पंचायत ठाकरी और 30 पीएसए, तहसील विजयनगर की ग्राम पंचायत 8एसटीबी और 24 जीबी, तहसील घडसाना की ग्राम पंचायत 6डीडी और 2 एसटीआर तथा तहसील रावला की ग्राम पंचायत 17केएनडी और 8पीएसडी.बी में शिविर आयोजित होगा।

## उद्यान विभाग के दो दिवसीय सेमीनार का आयोजन

जनमार्ग न्यूज।

**श्रीगंगानगर।** उद्यान विभाग द्वारा राष्ट्रीय बागवानी मिशन अन्तर्गत कृषि अनुसंधान केन्द्र श्रीगंगानगर के सभागार में गुरूवार को दो दिवसीय जिला स्तरीय सेमिनार उद्यानिकी में उच्च तकनिकी द्वारा कृषकों का सशक्तिकरण विषय पर आयोजित किया गया। सेमिनार में उद्यान विभाग की उप निदेशक श्रीमती प्रीति गर्ग एवं सहायक निदेशक उद्यान प्रदीप शर्मा ने सेमिनार में उपस्थित अतिथियों तथा कृषकों का स्वागत कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। पहले दिन अमर सिंह पूनियां, सेवानिवृत प्रोजेक्ट ऑफिसर, सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स फॉर फ्रूटस इन्डो इजराईल प्रोजेक्ट, मांगियाना सिरसा (हरियाणा) द्वारा कृषकों को नर्सरी प्रबन्धन के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। इसमें विभिन्न नीम्बूवर्गीय फलों व अन्य फलदार पौधों की उच्च तकनीक द्वारा कम लागत में अधिक उत्पादन लेने हेतु प्रेरित किया गया।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी हरीसिंह मेहरा द्वारा राहुल ऑफसैट प्रिन्टर्स गुलजार भवन, 47 गणेश विहार द्वितीय, जस्सा सिंह मार्ग के पास श्रीगंगानगर 335001 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक : हरीसिंह मेहरा, 94140-87692, फैक्स : 0154-2970692